नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 166 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 20 अप्रैल 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने से डर रही कांग्रेस- ओपी चौधरी'



पेज -8 पर

सांसद विजय बघेल के हाथों ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

## प्रथम चरण के मतदान पर लगा विराम

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग

**त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत मतदान**

## मध्यप्रदेश में 63 प्रतिशत, राजस्थान में 50 प्रतिशत हुआ मतदान

**नई दिल्ली ।** लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग पूरी हुई है। सुबह 7 बजे से शाम 6 हुई वोटिंग में 63 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत वोटिंग त्रिपुरा में हुई, जबकि सबसे कम 48प्रतिशत वोटिंग बिहार में हुई। फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। दो राज्यों पश्चिम बंगाल और मणिपुर में वोटिंग के दौरान हिंसा की भी हुई। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए। अरुणाचल में 64 प्रतिशत और सिक्किम में 68प्रतिशत लोगों ने राज्य में सरकार बनाने के लिए वोट डाले।



पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा और TMC कार्यकर्ताओं के बीच पथराव हो गया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के तूफानगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोलिंग बूथ पर हिंसा की। तृणमूल एजेंट्स से मारपीट की गई है, इसमें कई घायल हैं। TMC ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हथियारों के साथ बूथ के सामने खड़े होकर मतदाताओं को डरा रहे हैं।

इस इलाके में गुरुवार रात भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंसा की और तृणमूल के अस्थाई दफ्तर में आगजनी की। TMC ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। भाजपा ने भी तृणमूल के कार्यकर्ताओं पर हिंसा का आरोप लगाया है।

### कैराना से लेकर तमिलनाडु तक कहां पड़े बंपर वोट

लोकसभा चुनाव में शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग जारी है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में देश के 21 राज्यों में 102 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। वोटिंग शुरू होने के बाद पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा से लेकर मेघालय में दोपहर 1 बजे तक बंपर वोटिंग देखने को मिली। वहीं, यूपी-बिहार और मध्यप्रदेश में भी वोटरों में जोश देखने को मिला। पहले चरण में पश्चिम बंगाल की 4, यूपी की 8 और बिहार में 4 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। इसके अलावा तमिलनाडु (39) और उत्तराखंड (5 सीट) की सभी सीटों पर वोटिंग हो रही है। अब सवाल है कि बंपर वोटिंग से किसे फायदा होगा।

**बिहार:** 46.32 फीसदी
**अंडमान और निकोबार:** 56.87 फीसदी
**अरुणाचल प्रदेश:** 63.26 फीसदी
**असम:** 70.77 फीसदी
**जम्मू और कश्मीर:** 65.08 फीसदी
**छत्तीसगढ़:** बस्तर 63.41 फीसदी
**लक्षद्वीप:** 59.02 फीसदी
**महाराष्ट्र:** 54.85 फीसदी
**मध्य प्रदेश:** 63.25 फीसदी
**मेघालय:** 69.91 फीसदी
**मणिपुर:** 67.46 फीसदी
**नागालैंड:** 55.75 फीसदी
**मिजोरम:** 52.62 फीसदी
**राजस्थान:** 50.27 फीसदी
**पुडुचेरी:** 72.84 फीसदी
**तमिलनाडु:** 62.02 फीसदी
**सिक्किम:** 67.58 फीसदी
**उत्तर प्रदेश:** 57.54 फीसदी
**त्रिपुरा:** 76.10 फीसदी
**पश्चिम बंगाल:** 77.57 फीसदी
**उत्तराखंड:** 53.56 फीसदी।

## बस्तर लोकसभा चुनाव में शाम 5 बजे तक 63.41 प्रतिशत हुआ मतदान

**जगदलपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ. छत्तीसगढ़ की एक मात्र बस्तर सीट में भी सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी. संवेदनशील इलाकों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक और सामान्य इलाकों में सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था.

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अब मतदान का समय समाप्त हो गया है. CM साय रोज महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से कर रहे बात, महिलाओं ने कहा- इसकी मदद से अपनी छोटी-छोटी जरूरतें कर रहे पूरी। अब भी कई मतदान केन्द्र के बाहर लोगों की लाइन लगी हुई है. वहीं निर्वाचन आयोग ने शाम 5 बजे तक के वोटिंग परसेंटेज जारी कर दिए हैं. निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक बस्तर लोकसभा में अब तक 63.41% मतदान हुआ है.




इसमें अब तक सबसे ज्यादा मतदान बस्तर विधानसभा में 72.81 प्रतिशत हुआ है. वहीं सबसे कम मतदान बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में 41.62 प्रतिशत हुआ है.

### बस्तर से ये 11 प्रत्याशी इस बार मैदान में

कवासी लखमा (इंडियन नेशनल कांग्रेस)
महेशराम कश्यप (बीजेपी)
नरेंद्र बुरका (हमरराज पार्टी)
कवलसिंह बघेल (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी)
आयतूराम मंडावी (बहुजन समाज पार्टी)
फूलसिंग कचलाम (सीपीआई)
शिवराम नाग (सर्व आदि दल)
सुंदर बघेल (निर्दलीय)
टीकम नागवंशी (गोड़वाना गणतंत्र पार्टी)
जगदीश प्रसाद नाग (आजाद जनता पार्टी)
प्रकाश कुमार गोटा (स्वंतत्र दल)

### विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

बस्तर -72.81 प्रतिशत
बीजापुर - 41.62 प्रतिशत
चित्रकोट - 73.49 प्रतिशत
दंतेवाडा - 67.02 प्रतिशत
जगदलपुर - 65.04 प्रतिशत
कोंडागांव - 72.01 प्रतिशत
कोंटा - 51.19 प्रतिशत
नारायणपुर - 62. 28 प्रतिशत

## एक नजर

### उरला की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

छह ट्रांसफार्मर जलकर खाक,दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू



**रायपुर ।** - राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र स्थित गणपति इस्पात परिसर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में आज सुबह नौ बजे भीषण आग लग गई है। वहां मौजूद सात ट्रांसफार्मर में से छह पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। घटना की सूचना मिलने दमकल की टीम मौके पर पहुंची। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से छोटी सी चिंगारी उठी। इसके बाद कुछ मिनटों में चिंगारी भीषण आग के रूप में बदल गया। आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। मौके पर दमकल की तीन गाडियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने से फैक्ट्री को लाखों का नुकसान होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### शराब बेचते महिला गिरफ्तार

**रायपुर ।** उरला पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक अधेड़ महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है । मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरोरा में दबिश देकर आरोपिया रामबाई टंडन 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है।

## छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 43 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। आने वाले दिनों में दो डिग्री पारा बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली हुई है। साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश के एक-दो जगहों पर बूंदाबांदी हुई है। वहीं राजधानी रायपुर समेत पांच जिलों का तापमान 40 डिग्री से पार हो गया है। लोग भीषण गर्मी से परेशान है। मौसम विभाग के अनुसार, समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर दक्षिण विदर्भ से मराठवाड़ा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव प्रदेश के एक-दो जगह पर बूंदाबांदी हुई है।



साथ ही मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। इससे भीषण गर्मी और झुलसाने वाली धूप का सामना करना पड़ सकता है।

### अभी और बढ़ेगा पारा

मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## वित्त मंत्री चौधरी ने 11 सीटें जीतने का किया दावा कहा- बस्तर की जनता ने बुलेट नहीं बैलेट को चुना

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश में शुक्रवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कांफ्रेस ली. पत्रकारवार्ता में उन्होंने छत्तीसगढ़ में 11 में ग्यारह सीटें जीतने का दावा किया है. इसके साथ ही कहा कि बस्तर की जनता ने आज प्रथम चरण के चुनाव में बुलेट को नहीं बैलेट को चुना है. इसके अलावा पत्रकारवार्ता में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सेना के जवानों का मनोबल गिरने का काम कर रही है. छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली एनकाउंटर में मारे गए. इस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया ने सवाल खड़ा किए है और नक्सलियों को शहीद बताया है. ये हमारे जवानों का अपमान है. इसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने भी मारे जाने की बात को लेटर जारी कर स्वीकार किया है. कांग्रेस के लोग एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक का भी सबूत मांगते हैं. कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं रह गया है. इसलिए जनता पूरे देश में कांग्रेस को नकार रही है. न कांग्रेस के पास नेतृत्व है, न नारी चेहरा है और न ही विजन हैं.




### 60 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभ

उन्होंने कहा कि प्रदेश में साय की सरकार ने लगातार जनहित का काम किया है. 60 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से फायदा पहुंचाया और सशक्त बनाया है. धान खरीदी, बोनस देना किसान हित में फैसला लिया गया है.

ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भांजा श्रीराम हैं. अयोध्या दर्शन के लिए हम योजना चला रहे हैं. जनता के लिए कई जनहितकारी योजना संचालित की जा रही है. 29 नक्सलियों को ढेर करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के सरपंच की हत्या की गई. हीडमा गांव में भी मतदान हुआ है।

## शराब घोटाला..कारोबारी अरविंद सिंह ने कहा- पीट रहे अधिकारी

कोर्ट में कहा- कागजों पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाए; तंग आकर मांगी इच्छा मृत्यु

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में कारोबारी अरविंद सिंह ने अधिकारियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनके वकील के मुताबिक 17 अप्रैल की रात 5 अफसरों ने अरविंद सिंह से मारपीट की।



उससे जबरदस्ती कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कारोबारी ने कहा कि, वो तंग आ चुका है इसलिए उसने इच्छा मृत्यु मांगी है। स्पेशल कोर्ट ने कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर 2 मई तक जेल भेज दिया है। वहीं, आबकारी विभाग के पूर्व अधिकारी और अरुणपति त्रिपाठी को 25 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रखा गया है। EOW ने कोर्ट से अनवर और अरविंद को अलग-अलग जेल में रखने की मांग की है।

कोर्ट ने मारपीट के आवेदन पर कहा कि, मेडिकल रिपोर्ट और फिजिकल रूप से देखने पर मारपीट की पुष्टि नहीं हो रही है। जहां तक दबाव देकर सिग्नेचर कराने की बात है। इस मामले में अरविंद सिंह मुकदमे के दौरान बचाव पक्ष लेने के लिए स्वतंत्र है। इच्छा मृत्यु की मांग पर कोर्ट ने अपने वकील से प्रॉपर तरीके से आवेदन देने को कहा है। जिस पर अलग से सुनवाई की जाएगी।

### एपी त्रिपाठी का विदेश में बैंक अकाउंट

*सुनवाई के दौरान EOW के वकील ने अरुणपति त्रिपाठी की रिमांड मांगते हुए कहा कि, शराब घोटाला मामले में जांच के दौरान एपी त्रिपाठी, उनकी पत्नी और परिवार के लोगों के विदेश में बैक अकाउंट होने की जानकारी मिली है। जिसकी जांच करनी है।*

डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक

## पुलिस ग्राउंड की जगह पीजी कॉलेज ग्राउंड में लैंड हुआ हेलीकॉप्टर, अधिकारी रहे गायब

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई. हेलीकॉप्टर को शहर के पुलिस लाइन लैंड करना था, लेकिन अचानक पीजी कॉलेज ग्राउंड में लैंड कर दिया गया. जब डिप्टी सीएम उतरे तो पीजी ग्राउंड में पुलिस के अधिकारी गायब रहे.

डिप्टी सीएम विजय शर्मा बाइक पर बैठकर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के निवास पहुंचे. इसको लेकर विजय शर्मा पुलिस प्रशासन पर भड़क गए. बताया जा रहा है कि डिप्टी सीएम जब हेलीकॉप्टर से उतरे तो वहां कोई भी पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थे.



बता दें कि इस घटना में हेलीकॉप्टर पायलट की चूक बताया जा रहा है. पायलट ने निर्धारित जगह को छोड़कर दूसरे स्थान पर हेलीकॉप्टर उतार दिया.

लोकसभा चुनाव : मोदी-शाह-योगी-नड्डा लेंगे जनसभा

## भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की प्रदेश में ताबड़तोड़ सभाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में होना है। पहले चरण में बस्तर की सीट पर आज मतदान की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में अब भाजपा ने अपनी पूरी ताकत दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव में लगा दी। भाजपा ने लगातार राष्ट्रीय नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं तय की है। 21 से 24 अप्रैल तक लगातार समाएं होंगी।



### 21 को योगी-प्रियंका की सभाएं

राजनांदगांव की सीट हाई प्रोफाइल हो गई है, क्योंकि यहां से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां पर ताकत झोंकी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की खैरागढ़ में समा हो चुकी है। अब 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा तय की गई है। यह सभा राजनांदगांव में होगी। इसी दिन डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की भी सभा होगी। उनकी एक सभा बालोद में भी होगी। योगी आदित्यनाथ की राजनांदगांव के अलावा बेलतरा और कोरबा में भी सभा होगी।

### 23 को दो और 24 को मोदी की एक सभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से 23 और 24 अप्रैल को लगातार दो दिनों तक छत्तीसगढ़ आना होगा। इस दौरे में उनकी एक सभा दूसरे चरण के लिए महासमुंद लोकसभा के धमतरी में दोपहर को तीन बजे होगी। तीसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव में जांजगीर चांपा में भी पीएम मोदी की इसी दिन सभा सक्ती में दोपहर एक बजे होगी। दूसरे दिन सुबह को 9 बजे सरगुजा में प्रधानमंत्री की सभा होगी।

### 22 को अप्रैल और नड्डा की सभाएं

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला दौरा 22 अप्रैल को होने वाला है। उनके इस दौरे में एक साथ तीन सभाओं की रणनीति बनी है। पहली सभा बिलासपुर के लोरमी में होगी। इसके बाद दूसरी सभा दुर्ग लोकसभा के मिलाई और तीसरी रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष शाम को रायपुर में प्रदेश संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक भी लेंगे। इसी दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह की कांकेर में एक बजे सभा होगी। इस सभा के बाद श्री शाह महाराष्ट्र जाएंगे।*

# राजनीति जो करवट ले रही है वह राष्ट्रीय परिदृश्य पर बड़ा असर डालने वाली है

तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीटें हैं। यहां सत्तारुढ़ द्रमुक ने कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन किया है तो विपक्षी अन्नाद्रमुक ने एआईएमआईएम के साथ गठजोड़ किया है तो दूसरी तरफ भाजपा ने कुछ क्षेत्रीय दलों को एनडीए में शामिल करवा कर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह इस बार तमिलनाडु में सघन प्रचार किया है उससे प्रदर्शित होता है कि उन्हें इस बार तमिलनाडु से काफी अपेक्षाएं हैं।



**तमिलनाडु में इस समय देखने को मिल रहा है कि सभी राजनीतिक दलों ने सोशल इंजीनियरिंग पर खास ध्यान दिया है। राज्य में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास अपना-अपना परम्परागत वोट बैंक है। अब भाजपा की ओर से भी दावेदारी जताने से बाकी सबके समीकरण थोड़े-बहुत बिगड़ते दिख रहे हैं।**

यह अपेक्षाएं कितनी पूरी होती हैं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन इतना तो दिख ही रहा है कि भाजपा पिछले लोकसभा चुनावों की तरह इस बार तमिलनाडु में खाली हाथ नहीं रहेगी। तमिलनाडु में इस समय देखने को मिल रहा है कि सभी राजनीतिक दलों ने सोशल इंजीनियरिंग पर खास ध्यान दिया है। राज्य में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास अपना-अपना परम्परागत वोट बैंक है। अब भाजपा की ओर से भी दावेदारी जताने से बाकी सबके समीकरण थोड़े-बहुत बिगड़ते दिख रहे हैं। राज्य में कन्याकुमारी और तिरुनेलवेली ऐसे क्षेत्र हैं जहां भाजपा और कांग्रेस का जनाधार स्थानीय दलों के मुकाबले अच्छा है। पिछले चुनावों में द्रमुक ने राज्य में बाकी सभी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया था और इस बार भ ी वह पिछला प्रदर्शन दोहराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं दूसरी ओर विपक्षी अन्नाद्रमुक भी द्रमुक को परास्त करने के लिए प्रयासरत है। इस बार अन्नाद्रमुक यह सुनिश्चित करने के लिए पसीना बहा रही है कि सभी जातियों के मतदाता पार्टी के साथ रहें और विद्रोही नेताओं- टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीरसेल्वम की ओर ना जाएं।

दूसरी ओर, मारवाड़ और पिल्लई जोकि अगड़ी जाति है, उनके अलावा, भाजपा सभी दलित समुदायों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं द्रमुक को अपने गठबंधन की अंकगणितीय ताकत और तीन साल की सामाजिक कल्याण योजनाओं के अलावा, सभी समुदायों और अल्पसंख्यक वोट बैंक के समर्थन पर भरोसा है। हम आपको बता दें कि क्षेत्र के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में युवा तमिल राष्ट्रवादी संगठन नाम तमिझार काची का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है जिसे 18-25 आयु वर्ग के वोटों का एक बड़ा हिस्सा मिलने की संभावना है।

देखने में आ रहा है कि डिंडीगुल, मदुरै, विरुधुनगर और शिवगंगा में लड़ाई द्रमुक और अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधनों के बीच है, जबकि रामनाथपुरम और थेनी में त्रिकोणीय मुकाबला है, जिसमें ओपीएस और टीटीवी खुद मैदान में उतरे हुए हैं। इसके अलावा थूथुकुडी, जहां कनिमोझी करुणानिधि उम्मीदवार हैं उसके अलावा तेनकासी (एससी) में तस्वीर सत्तारुढ़ द्रमुक के लिए अच्छी दिख रही है। वहीं तिरुनेलवेली में मुख्य लड़ाई रॉबर्ट ब्रूस (कांग्रेस) और नैनार नागेंद्रन (भाजपा) के बीच होती दिख रही है। जबकि कन्याकुमारी में चुनावी लड़ाई स्पष्ट रूप से धर्म पर विभाजित दिख रही है।

हम आपको बता दें कि भाजपा तमिलनाडु में लंबे समय से हिंदू नादर और मरावारों का समर्थन हासिल करने की दिशा में काम कर रही है।

रिपोर्टें हैं कि नादर और मारवारों का बड़ा वर्ग भाजपा की ओर मुड़ रहा है। इसके अलावा गठबंधन के कारण दलित वोटों का बड़ा हिस्सा डीएमके को मिलने की संभावना है।

इसके अलावा तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और कन्याकुमारी में बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी हैं और इन लोगों का झुकाव सामान्य तौर पर डीएमके की ओर अधिक है। डिंडीगुल में लड़ाई सीपीआई (एम) के सचिदानंदम और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के नेल्लई मुबारक के बीच है, जो एआईएडीएमके के दो पत्तों वाले चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बीजेपी गठबंधन के पीएमके उम्मीदवार थिलागाबामा तीसरे स्थान पर नजर आ रहे हैं। वहीं मदुरै में अन्नाद्रमुक के उम्मीदवार पी. सरवनन सीपीआई (एम) के उम्मीदवार सु वेंकटेशन को कड़ी टक्कर दे रहे हैं और उन्हें नॉन परफॉर्मर बता रहे हैं, जबकि विरुधुनगर में चुनावी मुकाबला मनिकम के बीच सिमटने की संभावना है। वहीं शिवगंगा में कार्ति पी. चिदम्बरम अन्नाद्रमुक के ए जेवियरडोस और भाजपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे देवनाथन यादव से लड़ रहे हैं।

**- नीरज कुमार दुबे**

## संपादकीय

### उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे 'संकल्प पत्र' कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुफ्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी।

तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है। गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी। कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है।

# पड़ोस में युद्ध, पाकिस्तान बेपरवाह: ईरान-इस्राइल टकराव से कई मुल्कों पर असर लाजिमी, तेल की कीमतों में लगेगी आग

पिछले रविवार को जैसे ही पाकिस्तान के लोग जगे, उन्हें यही खबर मिली कि ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया है और सैन्य अभियान अब भी जारी है। मेरी तत्काल प्रतिक्रिया थी कि इस्राइल भी पलटवार करेगा और इस क्षेत्र में एक नया युद्ध शुरू होने जा रहा है। ईरान और इस्राइल के बीच स्थित कई अरब देश भी इससे प्रभावित होंगे। हालांकि पिछले रविवार पाकिस्तान की सड़कों पर जीवन सामान्य था और आम लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि ईरान ने युद्ध की घोषणा कर दी है। जो लोग टीवी देख रहे थे, केवल वही इस खबर में दिलचस्पी ले रहे थे, अन्यथा किसी को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। यहां तक कि पाकिस्तान की हुकूमत भी चुप थी। हालांकि पाकिस्तान में एक्स (ट्विटर) पर प्रतिबंध है,



**ईरान-इस्राइल युद्ध की खबर से न तो पाकिस्तान के आम लोगों में कोई चिंता दिखी और न ही पाकिस्तानी हुकूमत ने कोई प्रति या जताई, जबकि पड़ोस में युद्ध से पाकिस्तान ही नहीं, अन्य मुल्कों पर भी असर पड़ना लाजिमी है। खासकर तेल की कीमतें तो आसमान छूने लगेंगी।**

अधिकांश लोग इसे एक्सेस करने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार की तरफ से भी इस पर कोई बयान नहीं आया, विदेश मंत्री का भी नहीं। मैंने ट्वीट करके प्रधानमंत्री को आपातकालीन सुरक्षा बैठक बुलाने के लिए कहा, क्योंकि स्थिति बहुत अप्रत्याशित थी और यह युद्ध किसी भी दिशा में जा सकता था। हालांकि दुनिया की कई सरकारें एक-दूसरे तथा ईरान और इस्राइल के संपर्क में थीं, लेकिन पाकिस्तान के मंत्री एवं अधिकारी बिल्कुल शांत थे। अन्य मुल्कों की तरह पाकिस्तान में तेल बहुत महंगा है और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहुंच से बाहर है। इसलिए मेरा पहला विचार यही था कि अगर पड़ोस में युद्ध होता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगेंगी। पड़ोस में युद्ध पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं है। हममें से कई लोग भारत के साथ युद्ध से गुजर चुके हैं और अफगानिस्तान भी कभी शांत नहीं रहा है। इसलिए अब दूसरे पड़ोसी ईरान को युद्ध में शामिल होते और इसके प्रभाव को पसरते देखना डरावना था। लंबी और साझी सीमा के साथ ईरान पाकिस्तान का निकट पड़ोसी है।

कभी-कभी दोनों तरफ के आतंकवादी हमले करते हैं और पाकिस्तान-ईरान सीमा पर तस्करों के साथ झड़पें होती हैं, लेकिन आम तौर पर स्थानीय प्रशासन इससे निपटता है। सीमा पर विशेष रूप से पेट्रोल की तस्करी आम बात है और ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारियों की इसमें मिलीभगत होती है और यह लगातार उनकी नाक के नीचे होता है। व्यवसायी अक्सर शिकायत करते हैं कि ईरान से होने वाली तस्करी उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचा रही है, लेकिन सरकार उस पर कोई ध्यान नहीं देती। एक बार सरकार ने घोषणा की कि वह तस्करी को बर्दाश्त नहीं करेगी और उससे कठोरता से निपटेगी। इससे थोड़े समय के लिए तस्करी पर विराम लगा, लेकिन क्वेटा के दुकानदारों ने ईरानी दरी की कीमत बढ़ा दी। उनकी शिकायत थी कि इन दरियों की भारी मांग है, लेकिन सीमा पार से दरियां नहीं आती हैं, इसलिए कीमत बढ़ गई है। लेकिन तस्करी सौ फीसदी कभी नहीं रुकी और अब भी जारी है। कुछ समय पहले ईरान ने बलूचिस्तान के भीतर हवाई हमले करके दुनिया को चौंका दिया था। उसका आरोप था कि ईरान-विरोधी आतंकवादी गुट वहां रहते हैं। उसके बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के इलाकों पर बमबारी की और दावा किया कि ईरान के भीतर पाकिस्तान-विरोधी आतंकी गुटों को सुरक्षित पनाह मिली हुई है। सवाल उठता है कि अगर पाकिस्तान और ईरान, दोनों जानते हैं कि उनकी जमीन पर आतंकवादी गुट हैं, तो उन्हें दोनों मुल्कों द्वारा संरक्षण क्यों दिया जाता है। क्या दोनों मुल्क उन्हें प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल करते हैं? इससे दोनों मुल्कों के नागरिकों को बेहद खतरनाक और भ्रामक संदेश जाता है, जो एक-दूसरे को अपना मजबूत सहयोगी और मुस्लिम भाईचारे के हिस्से के रूप में देखते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक साथ खड़े हैं।

**- मरिआना बाबर**

## मिला जुला

# हेलीकॉप्टर क्रैश

### सेना प्रमुख सहित 9 अफसरों की हादसे में मौत, देश में तीन दिन का शोक

**नैरोबी।** केन्या के सैन्य प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने टेलीविजन संबोधन में यह जानकारी दी। राष्ट्रपति रूटो ने कहा कि जनरल फ्रांसिस ओगोला और सेना के नौ अन्य सदस्य एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए हैं। गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रुटो ने कहा, 'मुझे केन्या रक्षा बलों के प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला के निधन की घोषणा करते हुए गहरा दुख हो रहा है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक जांच टीम गठित की गई है और उन्हें एल्गेयो मराकवेट काउंटी में दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है।'



#### 'देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन'

*रूटो ने बताया कि जनरल ओगोला केन्या के उत्तरी रिफ्ट क्षेत्र में सैनिकों के साथ बैठक करने और वहां पर चल रहे स्कूल नवीकरण का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को नैरोबी से रवाना हुए थे। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, केन्या रक्षा बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में, यह केन्या रक्षा बलों की बिरादरी के लिए एक दुखद क्षण है और यह राष्ट्र के लिए सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन है। हमारी मातृभूमि ने अपने सबसे बहादुर जनरलों में से एक को खो दिया है।'*

राष्ट्रपति ने घोषणा की है कि केन्या में शुक्रवार से तीन दिनों का शोक मनाया जाएगा। केन्या के रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, जनरल ओगोला 1984 में केन्याई रक्षा बलों में शामिल हुए और केन्या वायु सेना में तैनात होने से पहले 1985 में वो दूसरे लेफ्टिनेंट बने थे। राष्ट्रपति के प्रवक्ता हुसैन मोहम्मद के अनुसार, हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद केन्याई राष्ट्रपति ने नैरोबी में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक तत्काल बैठक बुलाई है।

# वोट डालने रूस से लौटे विजय, रजनीकांत-धनुष ने भी मतदान कर पूरी की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/चेन्नई।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए हुई। पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग संपन्न हुई। जैसे ही शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 शुरू हुआ और तमिलनाडु में मतदान हुआ तो दक्षिण के कई दिग्गज सितारे वोट डालकर अपनी जिम्मेदारी निभाते नजर आए। सुपरस्टार रजनीकांत, अभिनेता धनुष समेत कई सितारे वोट डालते नजर आए हैं और फैंस से भी अपना वोट डालने का आग्रह किया है। एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें रजनीकांत को भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच शुक्रवार तड़के चेन्नई के एक



मतदान केंद्र पर पहुंचते देखा जा सकता है। जैसे ही स्थानीय लोगों को उनके आसपास अभिनेता की मौजूदगी की भनक लगी। वे मतदान केंद्र पर जमा हो गए और जैसे ही अभिनेता अंदर आए, फैंस ने उन्हें घेर लिया।इस दौरान रजनीकांत को वोट डालते और मीडिया को पोज देते देखा गया। उन्होंने अपने प्रशंसकों से भी जिम्मेदारी से मतदान करने और अपने नेताओं को चुनने के अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करने का आग्रह किया। अभिनेता की तस्वीरें और वीडियोज तेजी से वायरल भी हो रहे हैं।धनुष को भी बाद में मतदान केंद्र पर पहुंचते देखा गया, जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले, उन्हें पुलिस ने घेर लिया और अभिनेता को तुरंत अंदर ले गए, जहां उन्होंने अपना वोट डाला। स्थानीय लोग अपने क्षेत्र में स्टार को देखकर उत्साहित हो गए और अभिनेता को उनके प्रशंसकों और मीडिया ने घेर लिया। तमिल अभिनेता अजित कुमार और शिवकार्तिकेयन को भी सुबह सबसे पहले चेन्नई में वोट डालते देखा गया। तमिलनाडु उन पहले राज्यों में से एक है, जहां सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ऐसी पार्टियां हैं, जो इस क्षेत्र में वोटों के लिए संघर्ष कर रही हैं।कॉलीवुड सुपरस्टार थलापति विजय हर बार चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं। अभिनेता रूस में चल रही अपनी आगामी फिल्म 'गोट' ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल द टाइम की शूटिंग से ब्रेक लेकर इंडिया लौटे हैं। खबर है कि अभिनेता वोट करने के लिए भारत लौटे हैं। अभिनेता के इस कदम की फैंस जमकर सराहना भी कर रहे हैं।

## यूपी की अमरोहा रैली में पीएम मोदी

# 'अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है'

### 'यूपी की अमरोहा रैली में पीएम मोदी'

**पीएम** मोदी ने आज यूपी के गजरौला में चुनावी सभा को संबोधित किया. अमरोहा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हो रही इस सभा में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहें. रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने मताधिकार का उपयोग करें. 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है और इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है.

देश में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर-शोर से जारी है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विरोधियों पर निशाना साधा और क्रिकेटर मोहम्मद शमी की तारीफ की. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि



आज पहले चरण का मतदान हो रहा है. ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है. मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें. और विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें.

पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है- कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार. अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है. क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा. खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड दिया है और सीएम योगी की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है.

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है. इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है. भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है. लेकिन इंडी गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है.

भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है. मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वो तो अभी केवल एक ट्रेलर है. अभी तो हमे उत्तर प्रदेश और देश को बहुत आगे लेकर जाना है. हमारे देश में पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी/एसटी और ओबीसी को सिर्फ धोखा ही देती रही. जो सपना ज्योतिबा फुले जी का था... जो सपना बाबा साहेब अंबेडकर का था... जो सपना चौधरी चरण सिंह जी का था... सामाजिक न्याय का वो सपना अब मोदी पूरा कर रहा है.
अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ये क्षेत्र अपने मेहनती किसानों के लिए भी जाना जाता है. कांग्रेस, सपा, बसपा सरकारों में यहां किसानों की समस्याओं को न सुना जाता था, न देखा जाता था और न ही उनकी परवाह की जाती थी. लेकिन भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए दिन रात काम कर रही है.

## नहीं माने नेतन्याहू! आगे क्या होगा

# ईरान के कई शहर दहले, इजरायली मिसाइलों का हमला

युद्ध की आशंकाओं के बीच खबरें हैं कि इजरायल मिसाइलों ने ईरान में हमला कर दिया है। इसके चलते ईरान के ईसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया। हालांकि, इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है। खास बात है कि ईसफहान में कई न्यूक्लियर साइट मौजूद हैं। कुछ दिन पहले ही ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ कार्रवाई की थी।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज को बताया है कि इजरायल की मिसाइलों ने ईरान पर हमला किया है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि मिसाइलें ईराक या सीरिया तक भी पहुंचीं हैं या नहीं। ईसफहान के अलाव तबरेज शहर में भी धमाके सुने गए हैं। इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए हैं। 13 अप्रैल को ही ईरान ने पहली बार इजरायल के खिलाफ सीधा हमला बोला था। उस दौरान तेहराना ने इजरायल पर 300 से ज्यादा मिसाइलें और ड्रोन दाग दिए थे। ईरान ने दमास्कस में ईरानी दूतावास पर 1 अप्रैल को हुए हमले के जवाब में 13 अप्रैल को कार्रवाई थी। खास बात है कि इसके बाद कई देश युद्ध की स्थिति से बचने के लिए दोनों देशों को समझाने की कोशिश करते भी नजर आए थे।
खास बात है कि इजरायल ने पहली ही 13 अप्रैल को हुए हमले के जवाब में कार्रवाई की बात कह दी थी। इधर, इजरायल-गाजा की जंग के अन्य क्षेत्रों में भी फैलने को लेकर चिंता जताई जा रही है।

# कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का किया उपयोग

## बस्तर संभाग के सभी मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता निभाने का किया आग्रह

**जगदलपुर** । कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल शुक्रवार को जगदलपुर शहर के शहीद भगतसिंह हाईस्कूल में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में तथा कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने भैरमगंज स्कूल स्थित मतदान केंद्र 104 में सपरिवार कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र परिसर में बनाये गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। वहीं मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचे मतदाताओं का हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर कमिश्नर, आईजी, बस्तर कलेक्टर ने बस्तर लोकसभा के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने बस्तर संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र का



महापर्व है और मतदाता के रूप में हम सभी को बहुमूल्य अधिकार मिला हुआ है इसका उपयोग अवश्य करें। बस्तर के सब मतदाताओं से विनम्र अपील करता हूं कि आप मतदान केंद्र जाएं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनें। पुनः सभी मतदाताओं से आग्रह है कि घर से निकलिये मतदान कीजिये और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

इस अवसर पर आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी. ने बस्तर अंचल के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सब की सयुंक्त जिम्मेदारी है इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी मतदाता अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचे और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें,ताकि लोकतंत्र के नींव को मजबूत करें और बस्तर क्षेत्र के विकास हेतु शांति एवं सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान निभाएं। पुनः बस्तर क्षेत्र के नागरिकों एवं मतदाताओं से अपील है कि वे आज अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान अवश्य करें। इस मतदान केन्द्र पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने भी कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।



### आदर्श मतदान केन्द्र के सेल्फी बूथ में कमिश्नर-आईजी सहित कलेक्टर-एसपी ने खिंचवाई सेल्फी

स्थानीय शहीद भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल पथरागुड़ा के परिसर में 4 मतदान केंद्रों मतदान केन्द्र क्रमांक 75,76 तथा 146 एवं 148 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां बस्तर की पारंपरिक लोक संस्कृति को रेखांकित किया गया है। घासफूस की झोपड़ी के साथ



गौरसिंग पहने लोकनर्तक,ग्रामीण महिलाओं को बखूबी प्रदर्शित किया गया है।

इस आदर्श मतदान केन्द्र के सेल्फी बूथ में कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े,आईजी श्री सुंदरराज पी. सहित कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.,एसपी श्री शलभ सिन्हा,सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे,नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारियों ने मतदान के उपरांत एक साथ सेल्फी खिंचवाई। वहीं अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने अभिप्रेरित किया। दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर अन्य मतदाताओं को दिया सन्देश शहीद भगतसिंह स्कूल में स्थापित आदर्श मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही वयोवृद्ध मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए सन्देश दिया। यहां के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 66 वर्षीय दिव्यांग श्री बृजमोहन मेहरा तथा 56 वर्षीय दिव्यांग श्रीमती ममता ननकानी ने परिजनों के सहयोग से अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 146 में 72 वर्षीय दिव्यांग शेख जुमन रिजवी ने अपनी पत्नी 68 वर्षीया शबीना बानो रिजवी के साथ मतदान कर अन्य मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग अवश्य करने का संदेश दिया।

## एक नजर

### मतदान दलों की वापसी प्रारंभ

#### बेचा और कड़ेनार के मतदान दलों की वापसी पर कलेक्टर ने किया स्वागत





**कोंडागांव।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान के पश्चात् मतदान दलों की वापसी प्रारंभ हो गई है। सबसे पहले बेचा और कड़ेनार मतदान केन्द्र के मतदान अधिकारी हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचे। मंडी रोड स्थित आईटीबीपी के कैंप में बने हेलीपैड में वापसी के पश्चात् कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार ने मतदान अधिकारियों का स्वागत किया और उनके कुशलक्षेम के साथ ही कार्य के अनुभवों के संबंध में भी जानकारी ली।

मतदान दल के अधिकारियों इस अवसर पर अतिसंवेदनशील क्षेत्र में मतदान का दायित्व सौंपने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में लोकतंत्र के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किए जाने पर सुखद अनुभूति हुई है।

### चेमा, आदनार और बयानार जैसे संवेदनशील मतदान केन्द्रों में भी दिखा मतदाताओं का अपार उत्साह







**कोंडागांव।** वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित अतिसंवेदनशील गांव चेमा, आदनार और बयानार के मतदान केन्द्रों में भी मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा। नक्सलियों द्वारा भय दिखाने के साथ ही चैत्र माह की गर्मी के बावजूद मतदाता लगातार लाईन में खड़े होकर अपने मतदान की बारी का इंतजार करते दिखे। महिला-पुरुष, बुढ़े-जवान सभी वर्गों में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखने को मिला।

# ट्रैक्टर के बाद ऑटो चलाकर कलेक्टर दिए मतदाता जागरूकता का संदेश, पहली बार हुआ ऑटो रैली आयोजन

### गुब्बारों एवं स्वीप प्रचार से सजी गाड़ियां रही आर्कषण का केंद्र, 151 ऑटो ने लिया हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में ट्रैक्टर महारैली के सफ ल आयोजन के बाद आज पहली बार ऑटो रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 8 किलोमीटर मार्ग को 151 ऑटो के माध्यम से पूरी की



गई। महारैली के उत्साह को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए सशक्त संदेश देने के लिए स्वयं कलेक्टर के एल चौहान ने ऑटो चलाते हुए पूरी रैली का नेतृत्व किया। कलेक्टर को ऑटो चलाते देख बड़ी संख्या में पहुंचे ऑटो चालक, ग्रामीण, नगरवासी एवं आधिकारी कर्मचारी भी दंग रह गए। एक ओर जहां कलेक्टर चौहान ऑटो चला रहे थे वही उनके पीछे सवारी के रूप में उनकी पत्नी रानी चौहान, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं एसडीओपी निधी नाग पुरे रैली भर उनके साथ बैठे रही। इस रैली में बलौदाबाजार, भाटापारा शहर के ऑटो चालक, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, ग्रामीण, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शिरकत किए। रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित पोस्टर बैनर एवं रंग बिरंगी, गुब्बारों से सजाई गई थी जो काफी आकर्षक लग रहा था। इसके साथ ही रैली निकलने के पूर्व ही कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। ट्रैक्टर रैली जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर से प्रारंभ होकर, गौरव पथ, अंबेडकर चौक होते हुए वापस बस स्टैंड, गार्डन चौक, कृष्णानायन से मुड़ते हुए पुनः जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए कलेक्टोरेट चौक से स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुआ।

### अपने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें

**कोरबा** । कोरबा लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया। गांवों में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सर्वांगीण विकास और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा फिर से आई तो आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी और अडाणी कोयला खोदेंगे। अदाणी-अंबानी से बचना है, अपने अधिकारों के लिए लडना है, जल-जंगल-जमीन की रक्षा करना है तो कांग्रेस की सरकार बनाना होगा।

# दंतेवाड़ा के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

### मतदान लोकतंत्र का पर्व है और दीपावली, होली पर्व के समान उत्साह के साथ हम भी मनाए मतदान पर्व - कलेक्टर चतुर्वेदी

**दंतेवाड़ा** । लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88, दंतेवाड़ा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 के मतदाताओं ने मतदान करने के लिए भारी उत्साह दिखाया। मतदान दिवस 19 अप्रैल को शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी मतदाताओं ने सुबह से मतदान केन्द्रों पर कतार लगाकर मतदान करने अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आये। इस बीच मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण करने निकले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत चितालंका के बारसापारा मतदान केंद्र क्रमांक-83 में मतदान के लिए पहुंचे और अधिकारी द्वय ने लाइन के कतार में लगकर मताधिकार का उपयोग किया। इसके साथ ही कलेक्टर एवं एसपी ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी खिंचवाई। इसके अलावा कलेक्टर ने आम नागरिक से अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का पर्व है और हम जिस प्रकार दीपावली पर्व तथा होली पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाते है। उसी उत्साह के साथ हमें मतदान को भी एक पर्व की तरह मनाते हुए बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदान में समय 11 बजे की स्थिति तक केन्द्र-86 शासकीय प्राथमिक शाला टेकनार कुल मतदाता 686 (महिला 393 तथा पुरूष 293), में 189 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-92 शासकीय प्राथमिक शाला बालपेट कुल मतदाता 1197 (महिला 620 पुरुष 577) में 239 तथा आदर्श मतदान केन्द्र बालूद-3 मतदान केन्द्र-96 (महिला 281 पुरुष 197 ) में 350 वोट डाल चुके थे। इसके अलावा आदर्श मतदान केन्द्र दुगेली में मतदाताओं का ढोल नगाड़े, पारंपरिक खेल कुद, माटी शिल्प कलाकृति तथा मतदाताओं को ''ग्रीन प्लेनेट'' का संदेश देते हुए पौधा वितरण के माध्यम से मतदान कर रहे मतदाता का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही जिले के एक मात्र दिव्यांग मतदान केन्द्र 153 चितालूर में भी दिव्यांगजन मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। यहां पर भी दिव्यांग रथ के माध्यम से स्वयं सेवकों एवं मैदानी कर्मचारियों ने मतदाताओं को उनके घर से लाकर मतदान प्रक्रिया पूरी करवाई।

# कलेक्टर-एसपी घटनास्थल पर पहुंचे, राहत एवं बचाव कार्य का लिया जायजा

## संबलपुर के आईजी और झारसुगुड़ा जिले के कलेक्टर एसपी भी घटना स्थल पर मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ओडिसा में महानदी में हुई नाव दुर्घटना में राहत व बचाव कार्य जारी है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। यहां आईजी नॉर्दन रेंज संबलपुर, हिमांशु कुमार लाल, झारसुगुड़ा जिले की कलेक्टर झारसुगुड़ा सुश्री अबोली सुनील नरवने, एसपी झारसुगुड़ा परमार स्मित परशोत्तमदास भी मौके पर मौजूद है। यहां ओडीआरएएफ और फायर टीम के गोताखोर राहत और बचाव



कार्य में लगे हुए हैं। भुवनेश्वर से स्कूबा डाइवर को भी बुलवाया जा रहा है। घटना के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव पलटने से 1 महिला की मृत्यु हुई है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है, उनकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 लोग लापता हैं। जिसमें 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। प्रभावित लोग खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली के हैं। नाव में खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली व गोर्रा तथा रायगढ़ ब्लॉक के कोतरलिया और छपोरा के लोग सवार थे। मृतक महिला अंजोरीपाली की थी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सुरक्षित बचाए गए लोगों के स्वास्थ्य जांच और आज रात ही उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, सीईओ जनपद रायगढ़ राजेश साहू, सीईओ जनपद खरसिया हिमांशु साहू सहित अधिकारी कर्मचारियों की टीम भी मौके पर राहत व बचाव कार्य में लगी है। रायगढ़ पुलिस की टीम भी यहां मौजूद हैं।

### ओडीआरएएफ और फायर टीम राहत व बचाव कार्य में जुटी



# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का जायजा लिया और सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह स्कूल, आड़ावाल स्कूल, अघनपुर स्कूल में



स्थापित मतदान केंद्रों सहित प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, पूर्व माध्यमिक शाला कंगोली, शांति नगर स्कूल, केवरामुंडा स्कूल, भीमराव अंबेडकर स्कूल में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया की गतिविधियों को गति देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं का संज्ञान लिए और गर्मी को देखते हुए छाया एवं पेयजल सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।



# अशोका बिरियानी में गटर मर्डर कांड

* शव रखकर परिजन कर रहे प्रदर्शन समर्थन में आए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

मामला राजधानी रायपुर के बहुत चर्चित बिरियानी सेंटर अशोक बिरयानी का है जहां पर दो मासूम छत्तीसगढ़ के दो लोगों को एक छोटे से गटर में उतार दिया गया था जहां पर उनकी गैस लीकेज के कारण मृत्यु हो गईए ऐसा अशोका बिरियानी के कर्मचारियों द्वारा बोला जा रहा है हालांकि मृत्यु कैसे हुई है उसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है कई ऐसे सवाल उठ रहे हैं। वहीं परिजनों द्वारा प्रदर्शन का मामला भी सामने में आया है। पूर्व में जब इस प्रकार की घटना की जानकारी होने पर मीडिया कर्मी पहुंचे जहां पर अशोका बिरियानी के महिला कर्मचारी को सामने रखकर मीडिया के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा था लेकिन अब तक संतुष्टि जनक कार्रवाई नहीं हुआ है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस प्रकार बहुत बड़ी घटना हुई है लेकिन अभी तक शासन प्रशासन के लोग ना तो समर्थन में आए हैं और ना ही कोई बात कही गई है, अब देखने वाला बात यह है कि आगे क्या होता है? पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस






प्रशासन द्वारा अशोका बिरियानी के महिला कर्मचारियों को पुलिस वैन में बिठाकर मामला दबाने की कोशिश की गई और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है कि उनके ऊपर क्या धारा लगे हैं कौन सा अपराध उनके ऊपर पंजीबद किए हैं।

## पत्रकारों के ऊपर जानलेवा हमला, करने 6 लोगों को भेजा गया जेल

पत्रकारों के साथ अभद्रता वह मारपीट होने के बाद पुलिस प्रशासन होश में आ गई और छह लोगों को जेल एसडीएम के माध्यम से भेजा गया है कहीं ना कहीं पत्रकारों की संगठन व एकता को देखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई की गई है लेकिन पत्रकार संघ द्वारा ऐसा बोला जा रहा है कि जो दो मजदूरों की हत्या हुई है या मृत्यु हुई है उसकी न्यायिक जांच हो और उनको न्याय मिले और भविष्य में पत्रकारों के साथ ऐसा अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों के ऊपर कार्यवाही होना चाहिए ऐसा मांग किया गया है। अवगत होगी भूपेश बघेल की सरकार में पत्रकारों के लिए सुरक्षा नियम कानून पारित किया गया था जो सिर्फकागजों में ही सिमट कर रह गई है तो पत्रकार संगठन के सदस्यों द्वारा ऐसा मांग किया जा रहा है कि पत्रकार सुरक्षा नियम जल्द से जल्द लागू हो।

## क्या अशोका बिरयानी के प्रबंधक को सता रहा डर, कि उजागर ना हो जाए कोई खबर

शायद अशोका बिरियानी के प्रबंधक को ऐसा कोई डर सता रहा है कि जो गलत कार्य किए हैं वह पत्रकार उजागर न कर दे इसके वजह से पत्रकारों के साथ इस प्रकार अभद्रता व मारपीट की जा रही है

जिसको उभर कर आने से पूरी तरह रोका जा रहा है जिस पर पुलिस प्रशासन का कोई ठोस कार्यवाही नहीं दिख रही है।

## परिजनों के द्वारा शव रखकर किया जा रहा प्रदर्शन

वही बात करते हैं मामला का तो परिजनों द्वारा कुछ अहम मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें पुलिस प्रशासन का कोई सहयोग नजर नहीं आ रहा है और बात करते हैं सत्ता पक्ष और विपक्ष का तो सभी जो है चुनाव में मस्त है, और प्रत्याशी के सपोर्ट में नामांकन फॉर्म भर गया जिसमें मुख्यमंत्री और तमाम अधिकारियों द्वारा मंत्रिमंडल द्वारा नामांकन भरने में जोर-शोर से सहयोग किया गया और वही छत्तीसगढ़ में इतनी बड़ी घटना हो गई जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नजर नहीं आ रही है सभी अपने चुनाव में मस्त है।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के साथियों का भरपूर सहयोग

इस मामला में सरकार द्वारा सत्ता पक्ष और विपक्ष का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है जहां पर सिर्फ और सिर्फ छत्तीसगढ़िया कांति सेना के साथियों द्वारा भरपूर सहयोग देखने को मिल रहा है और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्यों ने कहा कि जब तक हमारे भाई को न्याय नहीं मिलेगी तब तक हम लोग सहयोग करते रहेंगे चाहे जो भी हो जाए हम लोग सहयोग के लिए पीछे नहीं हटेंगे।

## क्या कहते परिजन

परिजनों से बात करने पर उनका कहना है कि हमारे जो क्षति हुआ है उसे तो हम वापस नहीं ला सकते लेकिन अशोका बिरियानी के संचालक और जितने कर्मचारी इस गटर कांड में शामिल है उनके ऊपर दंडात्मक कार्यवाही होना चाहिए और हम सभी को न्याय मिलना चाहिए बस इन्हीं मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है ऐसा परिवार वाले कह रहे हैं, अब देखते हैं खबर प्रशासन के बाद शासन-प्रशासन द्वारा किस प्रकार से सहयोग किया जाता है तब तक के लिए अगली प्रशासन में और जानकारी दिया जाएगा।

## एक नजर

### जनरल आर्ब्जवर, पुलिस ऑब्जर्वर एवं व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते सर्किट हाऊस में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र-02 रायगढ़ के लिए जनरल आर्ब्जवर डॉ.अंशज सिंह, आईएएस एवं पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन, आईपीएस तथा व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी को नियुक्त किया गया है। उक्त तीनों आब्जवरों का रायगढ़ आगमन हो चुका है। राजनीतिक दल, मीडिया, प्रतिनिधि एवं आम जनता जनरल आर्ब्जवर डॉ.अंशज सिंह, आईएएस से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 1 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर 07762-297413 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन, आईपीएस से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक-2 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर 07762-297412 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह व्यय प्रेक्षक श्री सेंथिल कुमार बी से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक-5 में प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर 07762-297411 में संपर्क कर सकते है।।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए मंगाये गये ऑनलाईन आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। जिसके लिए वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाये गये है। जिसके तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 23 अप्रैल निर्धारित है। जिसकी अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक है। ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 18 से 20 मई रात्रि 12 बजे तक, प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 9 जून रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास/परियोजना प्रशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### न्यायिक आवासीय कॉलोनी राज्य के लिए बने मिसाल : चीफ जस्टिस श्री सिन्हा

**कोरबा** । किसी भी जिले में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी उत्साहवर्धक एवं नयी उर्जा का संचार करने वाली होती है, जिससे उनके कार्यकुशलता में और दक्षता में वृद्धि होती है, जिले की नई कॉलोनी ऐसी बने जो राज्य के लिये एक मिसाल साबित हो, उक्त बातें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा के द्वारा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण के लिये आवासीय कॉलोनी के वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर कही।

चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने आवास गृह निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों को भी इस परियोजना की सतत् निगरानी रखने के लिए भी कहा। भूमि पूजन एवं आधारशिला के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज श्री गौतम भादुड़ी, द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है, चीफ जस्टिस के द्वारा सभी जिलों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला न्यायालयों में आवास की कमी है। न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी को सर्वसुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराये जाने पर उनके कार्य में कुशलता होगी वे किसी मानसिक दवाब के अच्छे से अच्छा कार्य तत्परता से करेगें। गौरतलब है कि न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिये न्यायिक आवासीय परिसर रामपुर कोरबा में आवासीय परिसर का निमार्ण एवं कटघोरा में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। जिसका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा एवं न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी, पोर्टफोलियो जज कोरबा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर आधारशिला रखी गई।

# कलेक्टर व एसपी ने नाव दुर्घटना से प्रभावित लोगों से की मुलाकात, उनके खाने और परिवहन के इंतजाम के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और एसपी दिव्यांग पटेल ने महानदी नाव दुर्घटना में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आप सभी की हर संभव मदद की जायेगी। सभी फिलहाल घटनास्थल के पास कंडईकेला पुलिस चौकी में हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी लोगों के खाने-पीने और परिवहन की व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने से डर रही कांग्रेस- ओपी चौधरी'

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा आजादी के बाद से अब तक 17 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इस बार चुनाव में सबसे कम प्रत्याशी उतारने जा रही है। ओपी चौधरी ने कहा कांग्रेस की हताशा इस बात से नजर आ रही है कि वह सभी लोकसभा सीटो में चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं उतार रही। बहुत सी जगहों में कांग्रेस से जुड़े प्रत्याशियों ने हार के डर से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। मंत्री ओपी ने कहा नीति एवं नियत के अभाव की वजह से कांग्रेस देश से सिकुड़ती जा रही है। पहले लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस की सीटे निरंतर कम हो



रही वही भाजपा ने दो सीटो से पूर्ण बहुमत का सफ र जनता के आशीर्वाद से तय किया है। भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए कांग्रेस हर पार्टी के दरवाजे जाकर नाक रगड़ रही है और बहुत से सीटो में अपने प्रत्याशी नही उतार रही। रायगढ़ विधायक ओपी ने कहा स्वय जीतने की बजाय दूसरो को जीतने से रोकने की मानसिकता कांग्रेस के लिए आत्म घाती कदम साबित होगा। प्रत्याशी नही उतारे जाने की नियत पर ओपी ने सवाल उठाते हुए कहा हार के डर से मैदान छोड़ने वाली कांग्रेस मोदी जी के 2047 के विजन पर उंगली उठा रही है। कांग्रेस की राजनीति को सवालों को कटघरे में खड़ा करते हुए मंत्री श्री ओपी ने कहा आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नही मिल रहे अपनी कमियों का आत्मचिंतन की बजाय कांग्रेस कभी जांच एजेंसियोए तो कभी ई वी एम मशीन को लेकर सवाल उठा कर अपना दागदार दामन बचाती नजर आती है।1996 के लोकसभा चुनाव में 529 प्रत्याशी उतारने वाली कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव के दौरान चार सो से भी कम प्रत्याशी उतारने जा रही है।

कभी अपातकाल लगा कर लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली कांग्रेस आज विपक्षी साथियों के सामने घुटने टेकते नजर आ रही है ताकि किसी तरह भाजपा को सत्ता में आने से रोका जा सके। कांग्रेस की नीति एवम नियत पर भी वित्त मंत्री ओपी ने सवाल उठाया है। हार की डर से मैदान छोड़ने वाली कांग्रेस के पास देश वासियों के लिए कोई विजन नही है। मोदी जी ने देश वासियों के सामने रिपोर्ट कार्ड रखते हुए अगले 25 वर्षो का विजन रखा है ताकि देश को विश्वगुरु बनाया जा सके।

# सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने सीएचसी नौरंगपुर का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौरंगपुर, व्ही.एच.एन.डी. सत्र सराईपाली एवं पुटकापुरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीकाकृत बच्चों को गर्मी एवं धूप को देखते हुए टीकाकरण के तुरंत बाद संस्था से न जाने देने एवं



थोड़े समय पश्चात् जाने देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने टीकाकरण को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने हेतु विशेष निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के साफ-सफाई, ड्यूटी रोस्टर 24×7 के अनुसार अपने निर्धारित समय




तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर सभी आवश्यक जांच करने के निर्देश दिये। आयरन एवं कैल्शियम दवाएं गर्भवती महिलाओं के द्वारा सेवन किये जा रहे हैं

अथवा नहीं के संबंध में महिला पर्यवेक्षक एवं आर.एच.ओ.को फालोअप के लिए निर्देशित किया गया। 40 वर्ष से कम उम्र की सभी पुरूष एवं महिलाओं को सिकल सेल जांच करने के विशेष निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित पाये गये।

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत गोविदपुर में संचालित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील की गई। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर में मतदान के लिए 7 दिवस शेष बचे हुए हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में मानव श्रृंखला के माध्यम से सात दिवस पश्चात् 26




अप्रैल 2026 को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक के लिए प्रेरित किया गया है। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक एवं सभी स्टॉफको मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई है।

# विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।


नई शिक्षा नीति के तहत आधारभूत संख्यात्मक एवं साक्षरता ज्ञान एफएलएन के तहत विकासखंड के बच्चों में पढ़ने की दक्षता के जांच हेतु विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज बीआरसी भवन रायगढ़ में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त चयनित बच्चों के द्वारा भाग लिया गया। यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त बच्चों में सबसे शुद्धता एवं तेज गति से पढ़ने का पुरस्कार प्राथमिक शाला पटेलपाली कक्षा



पांचवी में अध्ययनरत गगन गुप्ता संकुल केंद्र तारकेला, क्लब क्लस्टर कोतरा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुमारी जरीना फातिमा प्राथमिक शाला रेगड़ा ने द्वितीय तथा दीपेश चौहान प्राथमिक शाला बेहरापाली, कक्षा तीसरी संकुल केंद्र जामगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 13 संकुलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से सभी उपस्थित बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किया गया। विकास खंड स्तरीय इस प्रतियोगिता का संचालन सीएसी राजकमल पटेल संकुल केंद्र तारापुर, स्कोरर सौरभ पटेल सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला औराभाटा एवं निर्णायक खगेश्वर साहू, श्री रविंद्र पटेल प्रधान पाठक रहे। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के शिक्षक, संकुल समन्वयक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बीआरसी मनोज अग्रवाल के द्वारा प्रतियोगिता आयोजन के उद्देश्य तथा आगामी रणनीतियों के संबंध में समस्त उपस्थित जनों को संबोधित किया।



## जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर हुआ आउट, एक्शन अवतार में दिखीं अभिनेत्री



जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है. मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं. पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है. जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं. इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं।



## अवनीत कौर ने ट्रांसपैरेंट आउटफिट पहन गिराई बिजली

### एक्ट्रेस की अदाओं ने यूजर्स को किया घायल

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं।**

अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है।

टीवी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली ग्लैमरस अदाकारा अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आग लगाने के लिए मशहूर हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कना शुरु हो जाएगा. अवनीत कौर ने ऑफ व्हाइट कलर की ट्रांसपैरेंट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है. लाइट मेकअप के साथ बालों को ओपन रखा है और एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं.

इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों ने यूजर्स का हाल बेहाल कर दिया है और वे अवनीत की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं।

## अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव

**अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।**

जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है। कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है। शो में उनका किरदार आर्यमन के जीवन में बहुत सारे संघर्ष और जटिलताएं लेकर आएगा। उसी के बारे में बात करते हुए मानसी ने कहा, मेरा किरदार रैना, अपनी दुष्टता से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। सीधे, रेशमी बाल और डिजाइनर साड़ियों के साथ उसका लुक जबरदस्त है। वह बहुत ही बेहतर अभिनय करती है। उसे लगता है कि आर्यमान उसका सौतेला भाई है और वह विरासत का हकदार नहीं है।



## अंकिता लोखंडे का वेब सीरीज आम्रपाली से फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज

### एक्ट्रेस रॉयल लुक में आई नजर

वेब सीरीज आम्रपालीका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें अभिनेत्री अंकिता लोखंडे को रॉयल अवतार में देखा जा सकता है. पोस्टर के तहत, अंकिता एक गौरवमयी लुक में दिखाई दे रही हैं. इस मैग्नम ओपस सीरीज के साथ संदीप सिंह ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं. अभी तक इस सीरीज की रिलीज, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म या फिर अन्य किरदारों ऐलान नहीं किया गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि इसका ऐलान जल्द होगा. अंकिता हाल ही में रणदीप हुड्डा के साथ स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म में दिखाई दी थी.





जानकारी के अनुसार संदीप प्राचीन भारत में वैशाली गणराज्य की शाही नर्तकी के जीवन को पर्दे पर उतारना चाहते हैं। मशहूर नगरवधू आम्रपाली का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अंकिता को चुना है।

अंकिता ने कहा कि फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में जमुना बाई का किरदार निभाने के लिए उन्हें दुनिया भर में काफी सराहना मिली है, जिसके कारण उन्हें इस तरह के रोल के प्रस्ताव मिल रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर सुस्त पड़ी मैदान तो क्रू की पकड़ अब भी बरकरार, ऐसा रहा कारोबार

बॉक्स ऑफिस पर 3 फिल्में लगी हुई हैं, जिनमें से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां मुख्यता दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।एक ओर बड़े मियां छोटे मियां इन दिनों सबसे ज्यादा कमाई कर रही है, तो मैदान की हालत सुस्त दिख रही है। इसके साथ ही क्रू अपने तीसरे हफ्ते में भी दर्शकों को खींचने में सफल हो रही है।चलिए जानते हैं किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की।



अली अब्बास जफर की एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी और मंगलवार को भी फिल्म ने अच्छा कारोबार किया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के छठवें दिन यानी मंगलवार को 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

## सिद्धार्थ के जन्मदिन पर रिलीज हुआ इंडियन 2 का पोस्टर, कमल हासन के साथ करेंगे स्क्रीन शेयर

कई बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से सभी का दिल जीत चुके सिद्धार्थ सूर्यनारायण का आज जन्मदिन है। सिद्धार्थ के 45वां जन्मदिन के मौके को और भी खास बना दिया है फिल्म मेकर्स की इस खास पोस्ट ने। दरअसल, फिल्म इंडियन 2 1996 में आई फिल्म इंडियन का ही सीक्वल है। इस फिल्म में अभीतक कमल हासन के होने की ही पुष्टि हुई थी, लेकिन अब फिल्म के इस आधिकारिक पोस्ट की रिलीज के बाद यह साफ हो गया है कि सिद्धार्थ सूर्यनारायण भी इस फिल्म का अहम हिस्सा है। इंडियन 2 के मेकर्स लाइका प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्टर का फर्स्ट लुक शेयर कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। फिल्म के इस पोस्टर को देखकर फैंस काफी सरप्राइज रह गए हैं। फिल्म मेकर्स ने पोस्टर शेयर करके लिखा, टीम इंडियन 2 की तरफ से मल्टी टैलेंटेड एक्टर सिद्धार्थ को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। आप हमेशा अच्छे किरदार और भूमिकाएं निभाते रहो। आपकी सफलता में एक और नया साल जुड़ गया है।




सिद्धार्थ को आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से फिल्मों में खास पहचान मिली थी। एक्टर ने हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी से सगाई रचाई है। इसके चलते भी एक्टर ने खूब सुर्खियां बटोरी है। अब सिद्धार्थ साउथ निर्देशक एस. शंकर के निर्देशन में बनी साउथ सुपरस्टार कमल हासन स्टारर फिल्म इंडियन 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में सिद्धार्थ चित्रा वरधनरंजन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में कमल हासन एक सेनापति का किरदार निभाएंगे।

## खेल




# मुंबई ने पंजाब को 9 रन से हराया

### किंग्स का टॉप ऑर्डर फेल रहा; सूर्या की फिफ्टी, बुमराह और कूट्जी को 3-3 विकेट

**मुंबई इंडियंस (MI) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 के 33वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (PBKS) को 9 रन से हराया। यह सीजन में मुंबई की तीसरी जीत है। इस जीत से मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल के 7वें नंबर पर आ गई है, जबकि पंजाब नंबर-9 पर है। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में गुरुवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब पंजाब किंग्स की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई।**

जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 53 बॉल पर 78 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। रोहित शर्मा ने 36 रन और तिलक वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाए। हर्षल पटेल ने 3 विकेट चटकाए, जबकि कप्तान सैम करन ने 2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा को एक विकेट मिला।

जवाब में पंजाब की ओर से आशुतोष शर्मा ने 28 बॉल पर 61 रन बनाए, जबकि शशांक सिंह ने 25 बॉल पर 41 रन का योगदान दिया। जसप्रीत बुमराह और जेराल्ड कूट्जी ने 3-3 विकेट हासिल किए। एक-एक विकेट हार्दिक पंड्या, आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को मिला।




### पंजाब की हार के कारण

पावरप्ले में दबाव नहीं बना सके गेंदबाज पंजाब के गेंदबाज पावरप्ले में मुंबई के बैटर्स पर दबाव नहीं बना सके। मुंबई ने 18 रन के स्कोर पर ईशान किशन का विकेट गंवा दिया था। यहां से रोहित और सूर्या की जोड़ी ने 81 रन की साझेदारी करके पारी संभाली। पावरप्ले में मुंबई का स्कोर 54/1 रहा। अर्शदीप, रबाडा और हर्षल महंगे रहे पंजाब के अर्शदीप सिंह, कगिसो रबाडा और हर्षल पटेल ने 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन लुटाए। ऐसे में मुंबई की टीम 192 रन का स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही।

टॉप-5 बैटर्स 21 रन ही बना सके रन चेज में पंजाब का टॉप ऑर्डर फेल रहा। टीम ने 10 रन के स्कोर पर प्रभसिमरन का विकेट गंवा दिया था। टीम के टॉप-5 बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे सके। ओपन करने आए कप्तान सैम करन 6, प्रभसिमरन 0, राइली रूसो 1, लियम लिविंगस्टन 1 और हरप्रीत सिंह भाटिया 13 रन बनाकर आउट हुए। इन सभी ने मिलकर 21 रन ही बनाए। शशांक और आशुतोष फिनिश नहीं कर सके रन चेज में पंजाब ने लगातार विकेट गंवाए। बीच में शशांक सिंह ने 41 और आशुतोष शर्मा ने 61 रन की उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन ये नजर जमने के बाद दोनों बल्लेबाज मैच फिनिश नहीं कर सके।

## एक नजर

### 6 साल की बच्ची ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

25 मीटर की 6.29 इंच ऊंची लिंबो स्केटिंग की; गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज



6 साल की तक्षवी वाघानी ने स्केटिंग में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है । तक्षवी वाघान ने 25 मीटर - 16 सेमी तक सबसे कम लिंबो स्केटिंग का रिकॉर्ड बनाया है । तक्षवी का स्केटिंग करते हुए वीडियो गिनीज बुक ने अपने ट्विटर पर शेयर किया है। तक्षवी गुजरात के अहमदाबाद की रहने वाली हैं। तक्षवी ने 10 मार्च को ये रिकार्ड अपने नाम किया था। तक्षवी से पहले ये रिकार्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम था। लिम्बो स्केटिंग में पैरों में रोलर स्केट्स पहन लंबी छड़ों के नीचे से गुजरते हैं।

## सूर्यकुमार यादव ने लगाया सिग्नेचर सुपला शॉट

*बुमराह की यॉर्कर पर बोल्ड हुए रुसो, आशुतोष ने सिक्स के साथ अर्धशतक पूरा किया*

**मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पंजाब किंग्स को 9 रन से हराया। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए।**

जवाब पंजाब किंग्स की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। सूर्यकुमार यादव ने 53 बॉल पर 78 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने अपना सुपला शॉट लगाया। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट हासिल किए। उनकी यॉर्कर पर राइली रुसो का विकेट हाइलाइट रहा। PBKS से आशुतोष शर्मा ने 28 बॉल पर 61 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने अपना सिग्नेचर सुपला शॉट खेला। इनिंग्स के 8वें ओवर में, रबाडा ने लेंथ बॉल फेंकी। सूर्या क्रीज के अंदर रुके और अपने शॉट बुक्स में से सुप्ला शॉट निकाला और गेंद को फाइन लेग स्टैंड में पहुंचा दिया। सूर्यकुमार ने शॉट के लिए कगिसो रबाडा की स्पीड का उपयोग किया और गेंद को सही समय पर टाइम किया।



रोहित शर्मा ने पंजाब के खिलाप वन-हैंड सिक्स लगाया। 11वें ओवर में हर्षल पटेल ने रोहित को स्लोअर बॉल फेंकी। रोहित ने इसे जल्दी टाइम कर दिया। शॉट लगा और रोहित ने अपने बल्ले के पिछले हाथ की पकड़ खो दी। रोहित का शॉट लॉन्ग-ऑन फील्डर के ऊपर से सिक्स के लिए निकला और गेंद ने 74 मीटर की दूरी तय की। रोहित ने 25 गेंदों पर 36 रन बनाए।

## हार्दिक पंड्या पर 12 लाख का जुर्माना

### पंजाब के खिलाफ ओवररेट धीमा था, फील्डिंग प्रतिबंध भी लगा

मुंबई इंडियंस (MI) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मोहाली में गुरुवार को पंजाब किंग्स इलेवन (PBKS) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते पंड्या पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ने यह जानकारी गुरुवार को दी।

IPL के 17वें सीजन में गुरुवार को मुंबई इंडियसं ने पंजाब को 9 रन से हराया। मोहाली में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 53 बॉल पर 78 रन बनाए। पंजाब 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट हो गई।

IPL ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए IPL कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है।



### आखिरी ओवर में पंजाब को चाहिए थे 12 रन

पंजाब को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे। मुंबई की टीम तय वक्त पर ओवर करने से पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में पंड्या 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए। पंजाब की टीम 2 रन ही बना पाई। इस तरह पंजाब को 9 रन से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कोलकाता में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (RR) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते अय्यर पर जुर्माना लगा।

## आशुतोष की पारी अविश्वसनीय: हार्दिक पांड्या

**मुल्लांपुर ।** आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया।

जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की।



एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था।

हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है।

जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं।

इस जीत का मतलब यह भी है कि एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, हालांकि वे अभी भी काफी निचले स्थान पर हैं।

मुंबई का अगला मुकाबला सोमवार शाम को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

# कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की शुरुआत आज बस्तर ने कर दी- केदार कश्यप

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

**छत्तीसगढ़ सरकार में वन मंत्री केदार कश्यप ने आज भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर जमकर बरसे। छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर लोकसभा की जनता जनार्दन ने बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है।**




कश्यप ने कहा कि बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा करना जरूरी मानकर बस्तर की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने की शुरुआत प्रथम चरण के मतदान के साथ बस्तर से कर दी है। कश्यप ने कांकेर स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि बस्तर में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बस्तर विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। बस्तर की जनता अब नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है। पिछले मंगलवार को कांकेर जिले में हुए ऑपरेशन में नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद बस्तर समेत समूचे प्रदेश में भाजपा सरकार के प्रति जन-विश्वास और दृढ़ हुआ है कि नक्सलवाद से छत्तीसगढ़ को मुक्त करने की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति भाजपा में ही है। कश्यप ने कहा कि बस्तर की जनता नक्सलियों की समर्थक कांग्रेस को नहीं जिताना चाहती, यह शुक्रवार के मतदान के बाद आईने की तरह साफ हो गया है। कॉंकेर समेत बस्तर में चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह फ र्जी एनकाउंटर बताया, मारे गए नक्सलियों को शहीद बताकर बस्तर समेत पूरे प्रदेश की जनभावनाओं को अपमानित किया, उससे व्याप्त आक्रोश पहले चरण के मतदान में व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। कश्यप ने कहा कि बस्तर के विकास और नक्सली मोर्चे पर पिछली कांग्रेस सरकार के नाकारापन से रुष्ट जनमानस का स्पष्ट रुझान भाजपा के पक्ष में नजर आ रहा है। बस्तर की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह दो टूक संदेश दे दिया है कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद की आग में झोंका था। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने शासनकाल में ढाई सौ सड़के बनाने के लिए कभी ध्यान नहीं दिया। 90 से अधिक पुल-पुलिया बनाने पर ध्यान नहीं दिया। कभी किसी ऑपरेशन के लिए भी पहल नहीं की। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या होती रही, अन्य लोगों की हत्या होती रही तो तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल समेत कांग्रेस नेता घड़ियाली आंसू बहाते रहे और आज झूठ फैला रहे हैं। पर अब बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए बस्तर के रास्ते पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है।

कश्यप ने कहा कांग्रेस नक्सलियों की पोषक है नक्सल के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है यह जनता से समझ लिया है। जवानों की बड़ी सफ लता के बाद कांग्रेस के घृणित बयान आते रहे। भूपेश बघेल ने फर्जी एनकाउंटर बताया, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा इसकी जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा नक्सली शहीद है। ये सभी बयान साफ करते हैं कांग्रेस छत्तीसगढ़ का विकास नहीं चाहती। बस्तर के विकास की सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को खत्म करने के लिए अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार संकल्पित है। सरकार बनने के बाद अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में लगभग 84 नक्सली मारे गए हैं। सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में नियद नेल्लानार नाम की योजना चालू की है जिसका अर्थ है मेरा अच्छा गांव। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र में शहर की समान सारी सुविधाएं विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं जिसे हम विकास के कैंप कहते हैं। इन कैंपों के माध्यम से उनके आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र में राशन दुकान, स्वास्थ्य सुविधाएं पानी बिजली आदि सुविधा विकसित करना प्रारंभ हो गया है। वही केंद्र को मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ और बस्तर को आगे बढ़ाने कई कदम उठाए है। बस्तर में मोदी ने नगरनार प्लांट लगाकर बस्तर के लोगों का जीवन बदला। बस्तर के लोगों को इससे 2.5 लाख नौकरियां मिलने जा रही है। मोदी ने छत्तीसगढ़ को 10 वर्षो में 3 लाख 80 हजार करोड़ रु दिए जबकि कांग्रेस ने 10 वर्षो के केवल 85 हजार करोड़ दिए थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के 3 महीने के अल्पकाल में मोदी की गारंटी की पूरा करने का काम किया महतारी वंदन योजना योजना लागू की, आदिवासियों की चरण पादुका कांग्रेस ने छीन ली थी हम फि र से दे रहे हैं। हमने तेंदूपत्ता की दर और बोनस में वृद्धि की। बस्तर ने भाजपा को अपना सहयोग देकर स्पष्ट कर दिया है छत्तीसगढ़ में अब 11 की 11 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

## एक नजर

### समय-सीमा में प्राप्त आवेदन पर की गई त्वरित कार्यवाही

**मीटर रीडिंग कार्य से मीटर रीडर को हटाया**

**अनुमानित रीडिंग भरे पर बिल अधिक आने के कारण पण्डरसीली एवं बेलडीह के उपभोक्त ाओं ने दिया था आवेदन**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर समय-सीमा में कार्यवाही करते हुए विद्युत विभाग द्वारा मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं मनजीत गीत को मीटर रीडिंग कार्य से हटा दिया है। विदित हो कि मनोरा विकासखंड के ग्राम पण्डरसीली निवासी शत्रुघ्न राम एवं ग्राम बेलडीह के राम भगत राम के द्वारा बिजली बिल माफ करने हेतु एवं बिजली बिल अधिक आने के बाबत कलेक्टर के पास आवेदन किया था। ग्राम पण्डरसीली क्षेत्र का मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं बेलडीह क्षेत्र का मीटर रीडर मनजीत गीत के द्वारा कई माह से बगैर मीटर रीडिंग किये अनुमानित रीडिंग भरा जा रहा था। जिससे मीटर मे रीडिंग एकत्रित हो जाने के कारण बिल अधिक आया था। जिसे कलेक्टर ने संज्ञान में आते ही समय-सीमा में समस्या का निराकरण करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में विद्युत विभाग द्वारा समय.सीमा में कार्यवाही करते हुए आवेदक के शिकायत अनुसार मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं मनजीत गीत को मीटर रीडिंग कार्य से हटा दिया है।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंगसुवा निवासी राजेश नाग का तालाब के पानी में डूबने से 27 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पिता एतवार साय नाग हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम कुकरगांव निवासी समारी बाई का कुआं के पानी में डूबने से 19 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति फि रू राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# प्रयास आवासीय विद्यालय बालक.कन्या में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 मई तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालय बालक.कन्या हेतु शैक्षणिक सत् 2024.25 में कक्षा 9वीं में ऑनलाईन प्रवेश की सूचना जारी की गई है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित.प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस,सीएमए, क्लैट तथा एनडी, की प्रतियोगी परीक्षाओं से सफ ल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इन उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। इन विद्यालयों में प्रवेश राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाना है। वर्ष 2024.25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के तिथि 23 अप से प्रारंभ हो चुकी हैए आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरें आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 मई 2024 से 20 मई 2024 रात्रि 12:00 बजे तक का समय निर्धारित है। प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 09 जून 2024 दिन.रविवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है। प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों का विवरण राज्य में कुल 14 प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय संचालित है। इनमें प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डूए रायपुर बालक.200 सीट, प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर कन्या.155 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय बिलासपुर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय दुर्ग बालक 75 एवं बालिका 50 सीट,प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जगदलपुर जिला.बस्तर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर, जिला.सरगुजा बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जिला.बालौद बालक 50 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जिला.कांकेर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जिला.कोरबा बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जिला.जशपुरबालक 75 एवं बालिका 50 सीटए प्रयास बालक.कन्या आवासीय विद्यालय जिला.रायगढ़ बालक 75 बालिका 50 सीट, अनुसूचित जाति बालक प्रयास आवासीय विद्यालय, पाटन जिला.दुर्ग बालक 125 सीट, अनुसूचित जाति कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर, जिला.रायपुर कन्या 125 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर,जिला.रायपुर बालक 125 सीट एवं अन्य पिण्वर्ग कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय, बिलासपुर, जिला.बिलासपुर कन्या 125 सीट संचालित है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रदेश के सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय.अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत एवं नक्सल प्रभावित ;केवल एलडब्ल्यूई घोषित जिले अथवा नक्सल प्रभावित जिले के ऐसे भू.भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है वहा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय.अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन फार्म भर सकते है। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह कमार, बैगा, बिरहोर,पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया, पाण्डो तथा भुंजिया के विद्यार्थियों हेतु सम्पूर्ण प्रदेश क्षेत्र मान्य होगा। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आरक्षण का प्रावधान है, अनुसूचित जनजाति 53 प्रतिशत, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह 04 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 20 प्रतिशत, सामान्य वर्ग 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु बालक प्रयास रायपुर में 10 सीट एवं अल्पसंख्यक वर्ग की कन्याओं हेतु कन्या प्रयास रायपुर में 10 आरक्षित है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर में कार्यालयीन समय पर अथवा विभाग की वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है।

# जनरल ऑब्जर्वर डॉ अंशज सिंह एवं पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन ने नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र-2 के लिए आज नामांकन के अंतिम तिथि रही। इसके साथ निर्वाचन की प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर डॉ.अंशज सिंह, आईएएस एवं पुलिस ऑब्जर्वर मुख्तार मोहसिन, आईपीएस रायगढ़ पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर भी साथ उपस्थित रही।

जनरल एवं पुलिस आब्जर्वर ने जिला कार्यालय में बनाए गए विभिन्न नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन के मद्देनजर निगरानी एवं सुरक्षा हेतु कलेक्टोरेट में लगाए गए सीसी टीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कक्ष का अवलोकन किए। निरीक्षण के दौरान सी-विजिल कक्ष भी पहुंचे। यहां उन्होंने विधान सभावार आ रहे शिकायतों एवं निराकरण के प्रक्रिया की जानकारी ली।

डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने बताया कि सी-विजिल में प्राप्त शिकायत को सबसे नजदीक उपस्थित एफएसटी को सौंपा जाता है। जिसका एफएसटी टीम द्वारा निराकरण कर फोटो सहित अपलोड करती है। इसी तरह आचार संहिता उल्लंघन एवं निर्वाचन से संबंधित शिकायत हेतु स्थापित कक्ष नंबर में टोल फ्री नंबर 1950 में प्राप्त हो रही शिकायतों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने शिकायत निराकरण पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कंट्रोल रूम में वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम के कार्यों की जानकारी लेते हुए व्यय संधारण का अवलोकन किए। इस दौरान उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी कक्ष का भी निरीक्षण कर जानकारी ली।



# सरगुजा कमिश्नर ने किया आगामी लोकसभा निर्वाचन तैयारीयों की समीक्षा

## कमिश्नर ने अधिकारियों को दिलाई मतदान की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली और निर्वाचन तैयारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, डीएफ ओ जितेंद्र कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सेक्टर अधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर चुरेन्द्र ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, सेक्टर अधिकारियों का निर्वाचन संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना से अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफ लतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। सरगुजा कमिश्नर जीआार चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए नियुक्त अधिकारी कर्मठता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता के दौरान निष्पक्षता से कार्य कर निर्वाचन संपन्न कराएं। उन्होंने सुगम, सुघ्घर व समावेशी मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों में साफ-सफ ई, पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की जांच कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं




**निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में एसडीएम, तहसीलदार, सेक्टर अधिकारियों का होता है महत्वपूर्ण भूमिका-कमिश्नर**

को प्रलोभन देकर अपने पक्ष में मतदान कराने वालों पर निगरानी रखने तथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग को आपसी समन्वय से तालमेल रखते हुए सूचना तंत्र मजबूत करने कहा तथा निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय करने कहा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे अन्तर्राज्यीय चेक पोस्टों पर अवैध सामग्रियों पर विशेष रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने सरगुजा कमिश्नर को जिले में लोकसभा निर्वाचन




2024 की तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने जिले के मतदाताओं की संख्या, स्थापित मतदान केन्द्रों, संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए मतदान दलों के प्रशिक्षण के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने दिव्यांग और बुजुर्गों के मतदान सुविधा हेतु पोस्टल बैलेट, अनिवार्य सेवा के तहत मतदान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने मतदान संपन्न कराने हेतु ईवीएम, वीवीपीएटी,वाहनों की उपलब्धता, स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्था एवं तैयारी के संबंध में अवगत कराया।

**कमिश्नर ने अधिकारियों को दिलाई मतदान की शपथ .**

समीक्षा बैठक में कमिश्नर चुरेन्द्र ने अधिकारियों को लोकतांत्रिक परम्पराओं को रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग,जाति,समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, शनिवार 20 अप्रैल 2024

# दोस्त के साथ मिलकर पत्नि की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



थाना बेमेतरा के मर्ग क्र. 33/2024 की जांच दौरान मृतिका आषिफा परवीन की मृत्यु में मृतिका के परिजनों द्वारा मृतिका के पति मोहम्मद शहजादा शेखानी के ऊपर संदेह व्यक्त करने पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा शव उत्खनन करवाया गया बाद मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजकर शव का पीएम कराया गया, पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु गला दबाने से दम घूटने के कारण होना लेख किये जाने पर आरोपी मोहम्मद शहजादा शेखानी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्षन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी मोहम्मद शहजादा शेखानी पिता मोहम्मद आरिफ शेखानी उम्र 26 साल साकिन वार्ड नंबर 18 बाजार पारा बेमेतरा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि आज से करीबन एक वर्ष पूर्व से जब भी मोह शेखानी काम से बाहर जाता था तब इसकी पत्नि आषिफा अपने मायके जो इसके घर से नजदीक है वहां चली जाती थी तथा इसके माता पिता की सेवा व इज्जत नहीं करती थी। तथा अपने पति का दुसरे महिला के साथ अवैध संबंध होने का शक करती थी। जब आरोपी अपनी पत्नि आषिफा को बार बार मायके जाने के बारे में बोलता था तथा अपने माता पिता के साथ अच्छा व्यवहार करने बोलता था तो वह इसे कुछ जवाब नहीं देती थी और इसके माता पिता को गाली भी देती थी, तथा दुसरी महिला से अवैध संबंध रखते हो बोलकर ताना मारती थी इन्हीं बातों से परेशान आरोपी मोहम्मद शहजादा शेखानी ने अपने दोस्त मोहम्मद मुस्तकिम शेखानी के मार्केट में उधारी रकम को चुकाने के बदले अपनी पत्नि की हत्या करने में सहयोग करना बोलने पर मोहम्मद मुस्तकिम शेखानी अपने दोस्त की मदद करने के लिये तैयार हो गया और 11 अप्रैल 2024 को ईद के दिन मोहम्मद शहजादा शेखानी की पत्नि आषिफा इसके घर में ईद न मनाकर अपने मायके चली गयी जो रात को घर आयी।

इसी बात पर गुस्सा होकर मोहम्मद शहजादा शेखानी ने अपने दोस्त मोहम्मद मुस्तकिम शेखानी उर्फ साहिल के साथ मिलकर12 अप्रैल 2024 को रात्रि में आषिफा को घर में रात के समय में गला दबाकर जान से मारने की योजना बनाए। फिर उसी रात्रि में आरोपी मोहम्मद शहजादा शेखानी ने मोहम्मद मुस्तकिम के घर पैदल जाकर, पूर्व से खरीदकर रखे 2 जोड़ी ग्लब्स को पहनकर जिस कमरा में मृतिका आषिफा परवीन सोयी थी उस कमरा के अंदर दोनों गये तब आरोपी मोहम्मद शहजादा शेखानी एवं मोहम्मद मुस्तकिम ने आषिफा का गला दबाकर हत्या करना उसके कुछ देर बाद आरोपी मोहम्मद शहजादा द्वारा अपने परिवार एवं रिश्तेदारों को घर जाकर एवं फोन के माध्यम से अपने घर बुलाया। जब घर वालों ने व अन्य लोगों ने पूछे कि आशिफा की मृत्यु कैसे हुई है तब आरोपी शहजादा शेखानी ने उन सब को मनगढंत कहानी बताया कि आशीफा को रात्रि में मैंने चाय बनाने बोला तो आशीफा बोली कि कुछ बेचैनी लग रही है तो मैंने आशीफा को बोला कि कल सुबह तुमको डॉक्टर के पास ले जाऊंगाए उसके बाद दोनों आरोपी अगले दिन मृतिका के कफन दफन के पूर्व नहलाने की रस्म के दौरान हत्या के समय पहने उनके कपड़े व पैर बांधने में उपयोग किये गये दुपट्टा को शिवनाथ नदी अमोरा घाट के ऊपर पूल से नीचे बहते पानी में फेंक देना। प्रकरण में आरोपी मोहम्मद मुस्तकिम शेखानी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने भी उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपीगण द्वारा घटना में प्रयुक्त दो जोड़ी ग्लब्स को बरामद कराने पर जप्ती किया गया है।

## एक नजर

### ओडिसा में महानदी में नाव पलटी, रायगढ़ जिले के निवासी थे सवार, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व एसपी दिव्यांग पटेल घटनास्थल के लिए रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज दोपहर उड़ीसा के महानदी में एक नाव दुर्घटना घटित हुई। जिसकी प्रारंभिक जानकारी आने पर पता चला है कि घटना में रायगढ़ जिले के निवासी भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने मिलने पर रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव घटनास्थल के लिए रवाना हो गये है। घटना स्थल पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद है तथा राहत एवं बचाव कार्य जारी है। इस संबंध में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव (डोंगा) में सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय यह दुखद घटना घटित हुई। इसकी जानकारी मिलने पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रायगढ़ से भी टीम भेजी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी मौके लिए रवाना हो गये है।

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 23 अप्रैल से प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 23 अप्रैल से प्रारंभ हो रही हैए जिसकी अंतिम तिथि 17 मई 2024 है। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 से 20 मई निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कांकेर स्थित आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 में 50 बालक एवं 50 बालिका सहित कुल 100 सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट पर भर सकते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8वीं के वर्ष 2023-24 बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी या समकक्ष ग्रेड में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों के लिए चयन के मापदंड शिथिल है और ऐसे विद्यार्थी द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करता है तो उसे सर्व.प्राथमिकता देते हुए सीधे चयन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने एवं सहयोग हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकासए प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर अथवा मण्डल संयोजक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत में सम्पर्क किया जा सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

-महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा किया गया दीवारों पर नारा लेखन

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कर्रानवापारा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारा लेखन किया गया। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की भूमिका को आवश्यक बताया गया।

## रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आज 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-2 के लिए आज 6 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल, गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए।

### अंतिम तिथि तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किए है। जिनमें राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, रूपनारायण एक्का-बहुजन मुक्ति पार्टी, मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर-बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पूजा सिदार-निर्दलीय, पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल, गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए।

* अंतिम तिथि तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन
* 22 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि, 7 मई को होगा मतदान

### 22 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि, 7 मई को होगा मतदान

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नाम निर्देशन पत्र जमा करने की आज 19 अप्रैल को अंतिम तिथि थी। कल 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11 बजे की जाएगी। 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि/ निर्धारित है। आगामी 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा एवं 4 जून को मतगणना की तिथि निर्धारित है।


## महासमुंद लोकसभा सीट भाजपा 40 हजार वोट से जीतेगी-नरोत्तम साहू

जनता का मोदी पर विश्वास मोदी ही देश के नेतृत्व करने का एक मात्र विकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

26 अप्रैल को छग में लोकसभा सीटों के लिये निर्वाचन है महासमुंद सीट पर भाजपा का प्रचार जोरों से चल रहा है भाजपा के महासमुंद लोकसभा सीट की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी क्षेत्र का दौरा कर धुंआधार प्रचार कर रही है।











इसी बीच भाजपा के विन्द्रानवागढ विस के संयोजक नरोत्तम साहू और चुनाव प्रभारी दयाराम साहू ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा महासमुंद लोकसभा सीट को भाजपा चालीस हजार से अधिक वोटो से जीतेगी।वही इन्होंने ये भी कहा जनता को मोदी पर विश्वास है और देश के नेतृत्व के लिये मोदी ही एकमात्र विकल्प है। मोदी की गारंटी को जनता जान चुकी है भाजपा सरकार ने मोदी के गारंटी को पुरा किया है इसलिये जनता भाजपा को ही वोट करेगी।

### भाजपा का प्रत्येक बुथ जीतने का लक्ष्य-दयाराम साहू

भाजपा के विस चुनाव प्रभारी और संयोजक बुथ मजबुत करने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने लगे हैं तो वहीं बुथ समितियों में भी चुनाव को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। प्रचार के मामले में भाजपा कांग्रेस से कहीं आगे चल रही है तो वहीं भाजपा प्रत्येक बुथ में लीड कर रही है ऐसा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का कहना है वहीं संयोजक नरोत्तम साहू का कहना है मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र और राज्य व केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो के बदौलत सौम्य सरल भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की जीत होगी।

### कांग्रेस का महिलाओं को सालाना एक लाख रूपये देने का वादा झूठा रूपकुमारी चौधरी

*भाजपा के महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस के महिलाओं को सालाना एक लाख रूपये देने के वादे पर कटाक्ष करते हुये कहा कांग्रेस के इस वादे में भरवाये जा रहे फार्म को बस्तर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मोर्य ने झुठला दिया है। भाजपा प्रत्याशी ने ये भी कहा जगदलपुर निर्वाचन नोडल अधिकारी को दिये जबाब में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने साबित कर दिया महिलाओं को सालाना एक लाख देने की ऐसी कोई मंशा नहीं है।*

मवेशी तस्करों पर भूपदेवपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## झारखंड-छत्तीसगढ़ के 6 तस्करों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी थानाक्षेत्र में मवेशी तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है ।




**आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कराया 14 कृषक मवेशियों को मुक्त आरोपियों पर पशुक्रुरता की कार्वाई**

इसी क्रम में कल रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर हरदीझरिया के रास्ते पर पैदल मवेशियों को मारते-पीटते तस्करी कर रहे 6 व्यक्तियों को पकड़ा गया है । जिन्होंने मवेशियों को सिंघनपुर-छाल जंगल रास्ते से झारखंड बूचड़खाने लेकर जाना बताये । आरोपियों के कब्जे से 14 नग कृषक मवेशी कीमती करीब 2,27,500 रूपये का पुलिस ने कब्जे में लिया । जप्त मवेशियों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके चारा-पानी के लिये मवेशियों को गोठान में रखवाया गया है । मवेशी तस्कर आरोपी कयाम खान पिता स्वर्गीय निवाज खान उम्र 55 वर्ष साकिन अटरिया थाना गुमला झारखंड, पुष्पक कुमार बर्मन पिता अवध राम उम्र 42 वर्ष साकिन बुनगा थाना पुसौर, शोभाराम नवरंगे पिता मोहर दास उम्र 55 वर्ष साकिन धुरकोट थाना डभरा जिला सक्ती, खेमराज निराला पिता स्वर्गीय शोभाराम उम्र 36 वर्ष साकिन बुनगा थाना पुसौर जिला रायगढ़, शिव प्रसाद सिदार पिता अरत राम उम्र 21 वर्ष साकिन डोमा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा, होरीलाल सारथी पिता प्यारीलाल सारथी उम्र 40 साल साकिन हरदीझरिया थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ पर थाना भूपदेवपुर में अप.क्र. 49/2024 धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात कमार पटेल के मार्गदर्शन पर पशु तस्करों पर कार्रवाई में थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक शंभू पांडे, आरक्षक बोधरम सिदार, विजय कुमार पटेल, कृष्ण कुमार वारेन, महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थी।

## रामनवमी के दूसरे दिन अष्ट प्रहरी के दही हांडी फोड़ के बाद निकला विशाल शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।












ब्लाक के धर्मनगरी के नाम से प्रसिद्ध झाराबहाल में रामनवमी के अवसर पर अष्ट प्रहरी नाम यज्ञ का आयोजन किया गया। गांव राममय हो गया गांव सहित आसपास के लोग इस नाम यज्ञ में श्रद्धालु के रूप में शामिल हुए वहीं झाराबहाल में आयोजित इस आठ पहर के नाम यज्ञ में ओडिशा छग के 8 संकीर्तन दलों ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के नाम मंत्र को टुटने नहीं दिया। इसी बीच गांव वालों के द्वारा रखे गये भण्डारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद सेवन किया।गत वर्ष गांव के पहाड़ी में राम मंदिर का भी भूमिपूजन किया गया था और पहले भी गांव वालों और देवभोग के के कुछ प्रतिष्ठित लोगों के आस्था और सहयोग से साई मंदिर का निर्माण किया गया है। रामनवमीं के इस विशेष अवसर पर आयोजित अष्ट प्रहरी नाम यज्ञ में राधेश्याम यदु और उनकी धर्मपत्नी भानुमति यदु कर्ता रहे तो वहीं पं. संजय शर्मा ने बतौर पूजक अनुष्ठान को सम्पन्न कराया।

**ओडिशा बरगांव के घंटदल ने बढ़ाई शोभायात्रा की शोभा, गांव सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल**

### शोभायात्रा में ओडिशा का घंटदल आकर्षण का केन्द्र रहा

अष्ट प्रहरी नाम यज्ञ के दही हांडी फोड़ के बाद गुरूवार को निकली शोभायात्रा में ओडिशा बरगांव के घंटदल आकर्षण का केन्द्र रहा है और वही शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण राममय हो गया। क्षेत्र में पहला अवसर रहा जब झाराबहाल ग्रामवासियों ने रामनवमीं पर कोई डीजे नहीं बल्कि धार्मिक आयोजनों में उपयोग में लाये जाने वाले घंटदल को बुलाया था।

### शोभायात्रा झाराबहाल से निकलकर देवभोग जगन्नाथ मंदिर में समापन हुआ

गुरूवार शाम को निकली रामनवमीं शोभायात्रा झाराबहाल से निकली जो देवभोग के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहां पर श्रीराम के पूजन और आरती के बाद समापन किया गया।इस प्रकार देवभोग में बुधवार और झाराबहाल में गुरूवार को मनायें गये रामनवमीं उत्सव में सनातनीयों भारी उत्साह देखी गयी और इस धार्मिक आयोजन में साई सेवा समिति और देवभोग झाराबहाल के प्रबुद्ध लोगों का विशेष योगदान रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 20 अप्रैल 2024

# सामुहिक दुष्कर्म कि पीड़िता इंसाफ कि गुहार लगाने दूसरी बार पहुंची मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया

जोहार छत्तीसगढ़-- जशपुर।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के गृह जिला जशपुर के पुलिस थाना पत्थलगाँव के ग्राम खारढोढ़ी निवासी एक आदिवासी युवती के साथ पिछले वर्ष अगस्त 2023 में छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के पुलिस थाना अभनपुर के अंतर्गत करीब तीन आरोपियों द्वारा सामुहिक दुष्कर्म कि घटना को अंजाम दिया गया था ।









जिसके संबन्ध में पीड़िता ने कई बार इधर से उधर चक्कार लगाती रही । लेकिन कही पर भी कार्यवाही नही होने पर उन्होंने लिखित शिकायत पत्र के रूप में पुलिस विभाग के आला अफसरों को अपनी आप बीती बताई किसी ने उसे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास जाने का सलाह दिये । उसके बाद पीड़िता ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया गई थी । 18 अप्रैल 2024 को पुनः जाकर उपरोक्त आवेदन को देकर इस बात कि गुहार लगाई है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय आरोपियों के इसारे पर काम कर रही है । और उल्टे पीड़िता को तुम झुठ बोल कर आरोपियों को फंसा रही हो करते हुए धारा 164 कि बयान के लिए पीड़िता को अभनपुर पुलिस थाना बुलाकर डांट फटकार लगाया गया । तथा खुलेआम आरोपियों द्वारा पीड़िता को जान सहित मारकर दफना देने कि बात कही जा रही है । सामुहिक दुष्कर्म कि पीड़िता ने किसी तरह जान बचाकर डरी सहमी सी पुनः मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया पहुंचकर दोषियों के विरूद्द कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराने कि गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि गैंगरेप कि पीड़िता के मांग के अनुरूप दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही कि जाती है । या फिर गुजरात कि 卐बिलकिस बानो卐 कि घटना कि तरह पीड़िता पर ही जुल्म बरपाये जाते हैं इसे तो वक्त ही बतायेगा । एक गरीब आदिवासी गैंगरेप कि पीड़िता को न्याय के लिए नौ – नौ महिने तक दर – दर कि ठोकर खाते रहना कहीं न कहीं लचर प्राशसनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है ।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद विजय बघेल के हाथों ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा नेता विजय बघेल ने कहां ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। मोदी सरकार की योजनाओं से गरीब परिवारों का उत्थान हुआ है। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं हैं। जिनका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर दिलीप निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज, उपसरपंच ग्राम पंचायत भरचट्टी, उपसरपंच ग्राम तबलघोर और ग्राम निनवा मे मदन लाल वर्मा संरपच डगनियां साजा के नेतृत्व साथियों और ग्रामीणों ने को भाजपा प्रवेश कर सदस्यता ग्रहण किया।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 :14 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

#### अब तक 30 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन पत्र क्रय

**कोरबा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए 14 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसके अंतर्गत श्री प्रताप सिंह भानु, निर्दलीय, श्री पालन सिंह, निर्दलीय, श्री सोबरन सिंह सैमा, निर्दलीय, श्रीमती रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, सुश्री प्रियंका पटेल, रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया अंबेडकर, सुश्री सरोज पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती शांति बाई मरावी, निर्दलीय, श्री केवल भारती गोस्वामी, निर्दलीय, श्री श्याम सिंह मरकाम, गोंगपा, श्री राजेश पाण्डेय, निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा, भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, श्री जयचंद्र सोनपाकर, निर्दलीय एवं कमाल खान, निर्दलीय शामिल हैं।

नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में आज कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया। जिसके अंतर्गत सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, प्रशांत डेनिएल सर्व आदि दल, शांति बाई मरावी निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर छत्तीसगढ़िया पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, संतोष शर्मा निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, राजन पाण्डेय निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, कौशल्या पोर्ते निर्दलीय, पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी निर्दलीय, संतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराई पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 30 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है।

### विद्यार्थियों द्वारा निर्मित की गई मानव श्रृंखला, दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सहभागिता के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला, पुरूष, युवा सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदान आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव



**दल्लीराजहरा** – महावीर सेवा समिति दल्ली राजहरा द्वारा 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है 21 अप्रैल को जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रातः 5:30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगा एवं उसके पश्चात सुबह 8 बजे दल्ली राजहरा मे विराजित म.सा. के प्रवचन का लाभ एवं दोपहर को गौतम प्रसादी और उसके पश्चात नवकार जाप रखा गया है एवं शाम सूर्यास्त पूर्व गौतम प्रसादी रखा गया है तथा रात्रि को भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें परम गुरु भक्त विख्यात गायिका सुश्री वंदना पारख जी राजनांदगाव द्वारा अपने गीतों के माध्यम से समा बांधेंगे। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन जैन जगत के लिए बहुत अविस्मरणीय दिवस है 2623 वर्ष पूर्व जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर देव भगवान महावीर स्वामी हुए थे। इस दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म संदेश और जियो और जीने दो का विश्व संदेश जन-जन तक प्रसारित हो यह हम सभी भक्तों का परम कर्तव्य है 21 अप्रैल को सकल जैन समाज के तत्वाधान मे आयोजक श्री महावीर सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जैन बंधुओं को आमंत्रित करते हुए अनुरोध किये है कि भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर आप सभी सपरिवार पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावे। तथा सभी कार्यक्रमों में उपहार रखे गए हैं जिसमें प्रथम उपहार सोने की चेन 5.5 ग्राम एवं द्वितीय उपहार इलेक्ट्रिक साइकिल तृतीय उपहार 71 ग्राम चांदी का सिक्का चतुर्थ उपहार 50 ग्राम चांदी का सिक्का रखा गया है।उपरोक्त जानकारी समिति के सदस्य क्रांति जैन ने दी है।

## नव विवाहिता की हत्या की गुत्थी सुलझाना परपोडी पुलिस को बड़ी चुनौती

### गुमशुदगी के कुछ दिनों में उनके पति के बाड़ी में शव बरामद

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

आए दिन पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी बेरला तथा थाना प्रभारी परपोडी के नेतृत्व में लगातार अपराध पर शिकंजा कसने के लिए लगातार लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।




वहीं दूसरी ओर इतनी जागरुकता लाने के बावजूद भी लोग सुधरने को तैयार नहीं और आए दिन नित नई-नई हथकंडे अपना कर टीवी सीरियल व मोबाइल देखकर कर क्राईम कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार एक हमारे बेमेतरा जिले के परपोडी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लूप का है मामला जहां पर नवविवाहित जोड़े की गुमशुदगी रिपोर्ट के बाद बाड़ी में मिला बहु का डिकम्पोस्ड शव मामले की गम्भीरता से जांच पड़ताल शुरू नव विवाहिता रेशमी उर्फ पायल एवं उनके पति ओमप्रकाश वर्मा का कुछ दिन पहले ही गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद रेशमी का मर्ग रिपोर्ट उनकी सांस द्वारा कराई गई जिसमें रेशमी की आधा शरीर जमीन पर दबा होने व हाथ बाहर दिखाई देने की रिपोर्ट दर्ज कराने के उपरांत डांग स्कावार्यड, डॉक्टर, क्राईम ब्रांच तथा पुलिस की टीम मामले को गंभीरता से जांच पड़ताल कर दोषियों तक पहुंचाने हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। रेशमी के मायके कुरलू बताया जा रहा जो मृतिका के ससुराल लुक से महज 10 किलोमीटर होना बताया गया वर्तमान में रेशमी का पति ओमप्रकाश वर्मा का घटना के बाद से गुम होने से उन पर संदेह जताया जा रहा है। प्रथम दुष्टा में मामला हत्या का हो रहा है क्योंकि ओमप्रकाश वर्मा के बाड़ी में ही रेशमी का डी कम्पोस्ट शव का मिलना हत्या के मामले को स्पष्ट कर रहा है बहर हाल हत्या का पूरा कारण बता पाना मुश्किल है।

* प्रथम दृष्टया में अपराध हत्या का लग रहा है क्योंकि एक ओर गुमशुदगी का रिपोर्ट और दूसरे तीसरे दिन डि कम्पोस्ट शव का मिलना तथा पति ओमप्रकाश वर्मा का घटना दिनांक से ही लापता होना एक संकेत हत्या कर फ रार होने का लग रहा है बहरहाल पुलिस के अलावा क्राईम ब्रांच बेमेतरा डांग स्कावार्यड डॉक्टर सहित कई टीम इस मामले का जांच कर रही है जल्द ही दोषी पकड़ लिया जायेगा।

**तेजराम पटेल,**
**अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बेरला**

## चुनाव प्रचार करना पड़ा भारी, शिक्षक और पंचायत सचिव सस्पेंड

**बीजापुर** । राजनीतिक पार्टी का प्रचार करने वाले दो कर्मचारियों को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। ये पूरा मामला बीजापुर का है और ये कार्रवाई बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा की गई है। प्रकाश कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड-3 जनपद पंचायत बीजापुर और सचिव मिरजा खान ग्राम पंचायत बामनपुर जनपद पंचायत भोपालपट्टनम शासकीय सेवक होते हुए सोशल मीडिया में राजनैतिक दलों का प्रचार-प्रसार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने अवैध कबाड़ पर की बड़ी कार्यवाही

## चेकिंग अभियान में 7 कबाड़ी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही, कुल 3,45,100 कीमत का कबाड़ जप्त

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में एक बार फिर जोहार छत्तीसगढ़ की खबर का असर देखने को मिला है। जोहार छत्तीसगढ़ अखबार ने कबाड़ के आड़ मे अवैध धंधा से सम्बंधित खबर को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था।


जिले में खुलेआम चल रहा अवैध कबाड़ का धंधा

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार जिले में इन दिनों अवैध कबाड़ का धंधा जोरों पर है। कबाड़ के इस धंधे से चोरी और अपराध बढ़ने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वही कबाड़ व्यवसायी कबाड़ से लाखों करोड़ों की हेराफेरी कर रहे हैं।

### खबर का असर

जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संज्ञान लेते हुए बलौदाबाजार सर्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को पूरे मामले को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को निर्देश दिया है। जब हमारे संवाददाता ने मामले में तरत्परता दिखाते हुए ग्राऊंड लेवल में जाकर ग्राम पंचायत की अनुसार खबर समाचार किया गया जिस पर जिला पुलिस प्रशासन की नजर पड़ी और गंभीरता लेते हुए कार्यवाही भाटापारा और सिमगा थाना द्वारा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों पर सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं निरीक्षक गोपाल ध्रुवे थाना प्रभारी सिमगा के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर चोरी का समान लेने वाले कबाडियो पर निगाह रखी जा रही थी। इसी क्रम में 18 अप्रैल 2024 को भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कबाडी दुकानों पर आकस्मिक दबिश देकर चेकिंग एवं जांच तस्दीक अभियान चलाया गया। इस दौरान कबाड़ी दुकानों में चोरी का माल खरीदने एवं बिक्री किए जाने की आशंका पर पूछताछ करते हुए चेकिंग अभियान संपादित किया गया। संपूर्ण चेकिंग अभियान में 7 कबाडी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 3,45,100 का कबाड़ सामान जप्त किया गया है। सभी 7 आरोपी कबाड़ी संचालकों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा में धारा 41(1-4) एवं 379 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## आबकारी विभाग तथा लिमतरा चौकी की संयुक्त कार्यवाही

### गणेशपुर में आबकारी विभाग ने दी दबिश, हुई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।



आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर के एल चौहान एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ जिला बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में सुबह ग्राम गणेशपुर मे भारी मात्रा में अवैध मदिरा की मुखबिर सूचना पर आरोपी नापिन राय के रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 15 लीटर क्षमतायुक्त 5 सफेद रंग की प्लास्टिक गैलन एवं 5 लीटर क्षमतायुक्त 7 प्लास्टिक जरीकेन में भरे कुल 110 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा तथा आरोपिया सुलेखा राय के रिहायशी मकान से 5 लीटर क्षमतायुक्त 5 प्लास्टिक जरीकेन में रखे 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा कुल 135 बल्क लीटर बरामद किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध धारा 34;(2)ए 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

एवं आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। उक्त सयुंक्त कार्यवाहि कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जलेस सिंह, मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, देवनंदन, दिनेश साहू आबकारी मुख्य आरक्षक देवी तिवारी, राधा गिरी गोस्वामी, नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, दुर्गेशवरि कुर्रे एवं लिमतरा चौकी से दुर्गाप्रसाद सोनकर, राजेन्द्र नेताम और ड्राइवर अन्नू, विजय का विशेष योगदान रहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in